केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
16 वर्षों से निरंतर....
Website:- www.malwaherald.com
RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

*जब हम किसी की मदद करते हैं, तब हमेशा याद रखिये, हम सिर्फ माध्यम हैं स्त्रोत नहीं..!*

वर्ष : 16 अंक : 225 | उज्जैन, शनिवार 24 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### दाल पर बनेगी भारत-म्यांमार की बात, दोहरी रणनीति पर केंद्र सरकार का जोर



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत में दाल की बढ़ती मांग और आपूर्ति के बीच बने अंतर से निपटने के लिए केंद्र सरकार दोहरी रणनीति पर काम कर रही है। एक ओर उपभोक्ताओं को सस्ती और निर्बाध दाल उपलब्ध कराने पर जोर है, वहीं दूसरी ओर किसानों के हितों की सुरक्षा और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। इसी संतुलन को साधते हुए भारत ने म्यांमार को भरोसा दिया है कि वह हर साल कम से कम साढ़े तीन लाख टन दाल का आयात जारी रखेगा। इसमें ढाई लाख टन उड़द और एक लाख टन तूर दाल शामिल है। घरेलू या आयात नीति में बदलाव के बावजूद इस आयात में कटौती नहीं की जाएगी, ताकि सप्लाई बाधित न हो।इसी भरोसे को बनाए रखने के लिए उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे इन दिनों म्यांमार दौरे पर हैं। मकसद साफ है कि जब तक घरेलू उत्पादन पूरी तरह मांग के अनुरूप नहीं हो जाता, तब तक भरोसेमंद देशों से आयात कर उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाया जाएगा और साथ ही मिशन मोड में उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय को मजबूत किया जाएगा। दरअसल, भारत की दाल जरूरतों को देखते हुए म्यांमार समेत कुछ देश दलहन की खेती करते हैं। सरकार के सामने सबसे बड़ी दिक्कत संतुलन बनाए रखने की है। आयात खुला रखने पर किसानों को दाम गिरने का डर रहता है, जबकि आयात पर सख्ती करते ही उपभोक्ताओं को महंगाई का सामना करना पड़ता है। इसी कारण सरकार ऐसी रणनीति अपना रही है, जिसमें रणनीतिक आयात के जरिए बाजार को स्थिर रखा जाए और साथ ही घरेलू उत्पादन को इतना मजबूत किया जाए कि भविष्य में आयात पर निर्भरता कम हो।इसी दिशा में सरकार ने छह वर्षीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया है। इस मिशन का लक्ष्य 2030-31 तक दलहन का रकबा बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर करना, उत्पादन को 350 लाख टन तक पहुंचाना और औसत उपज 1130 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर करना है। इस योजना पर करीब 11,440 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। हालांकि, इस मिशन से उन देशों में कुछ बेचैनी है जो भारत के लिए दाल का उत्पादन करते हैं।

### कठुआ में मारे गए जैश आतंकी के पास मिली अमेरिका में बनी M4 राइफल



**कठुआ/ जीएनएस।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी को ढेर कर दिया। बिलावर के पटौदी क्षेत्र में मारा गया आतंकी उस्मान बीते एक वर्ष से बिलावर क्षेत्र में सक्रिय था। यह आतंकी उधमपुर में सक्रिय माबिया आतंकी समूह का ही साथी था। वह एक साल पहले ही वहां से भाग कर बिलावर और उधमपुर क्षेत्र में लगातार ठिकाने बदलकर रह रहा था। जबकि 6 और 7 जनवरी के बीच यह बिलावर के ऊपरी इलाकों के रिहायशी इलाकों में लगातार मूवमेंट कर रहा था और अपने लिए सर्दी से जुड़े रसद इकट्ठा कर रहा था। मारे गए आतंकी के पास से अमेरिकी निर्मित स्व4 असॉल्ट राइफल, हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।स्व4 असॉल्ट राइफल वजहन में काफी हल्की होती है। इससे एक मिनट में करीब 800 राउंड फायरिंग की जा सकती है, जबकी इसका रेंज 3500 मीटर तक है। यह नाइट विजन और स्टील बुलेट फायरिंग से लैश है, जिससे यह रात में टारगेट को पहचानने के लिए बेस्ट मानी जाती है। जानकारी के अनुसार, बिलावर पुलिस बीते 15 दिन से लगातार अपनी खुफिया टीम की मदद से उसकी मूवमेंट की रेकी कर रहे थे। इसके लिए खुफिया टीम के कर्मी लगातार रिहायशी इलाकों में इस पर नजर रख रहे थे। पुलिस के पास पुख्ता जानकारी थी कि ऊपरी इलाकों में बारिश और बर्फबारी होने पर यह निश्चित तौर पर नीचे की तरफ आएगा। यह सूचना पुख्ता निकली और जैसे शुक्रवार को आतंकी रसद लेने के लिए एक घर में घुसा तो इसकी सूचना पुलिस तक पहुंची। ऐसे में पुलिस ने एक साल से चकमा दे रहे आतंकी को चार घंटे तक चली मुठभेड़ में ढेर कर दिया। सूत्रों का कहना है कि स्थानीय पुलिस की टीम बारिश, बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के बावजूद उस्मान का लगातार पीछा कर रही थी। तब जाकर इसको ढेर करने में कामयाबी मिली है। सूत्रों का यह भी कहना है कि आतंकी उस्तान ने तीन साल पहले ही कठुआ के हीरानगर सेक्टर से अपने तीन साथियों के साथ सीमा पार से घुसपैठ की थी।

# व्यापार व्यवसाय के लिए हर देश भारत से जुड़ने के लिए प्रयासरत : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## रोजगार मूलक व्यवसाय उद्योग स्थापना पर दी जायेगी मदद



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसी भी प्रदेश की पहचान उसके केवल नक्शे से नहीं, बल्कि उपलब्धियों से भी होती है। आज मध्यप्रदेश अपनी प्रभावी नीतियों और उनके सफल क्रियान्वयन के कारण न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान बना रहा है। प्रदेश औद्योगिक विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर है और निवेश के लिए उद्यमियों को आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस की वार्षिक बैठक में सहभागिता के बाद जबलपुर में महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के व्यापारियों एवं उद्यमियों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में यह बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 के पहले की स्थिति अब पूरी तरह बदल चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है और आज दुनिया का हर देश व्यापार और निवेश के लिए भारत से जुड़ने को उत्सुक है। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे सहित व्यापारिक एवं व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक में 200 से अधिक देशों ने भाग लिया, लेकिन सबसे अधिक फोकस भारतीय प्रतिनिधिमंडल पर रहा। भारत सरकार के साथ-साथ देश के 10 राज्यों ने भी इस मंच पर अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें मध्यप्रदेश विशेष रूप से उभरकर सामने आया। विशेषकर नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश ने वैश्विक निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा एवं पॉवर सेक्टर के माध्यम से सस्ती बिजली का उत्पादन किया जा रहा है और मात्र 2 रुपये 10 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए आर्थिक समृद्धि अत्यंत आवश्यक है। राज्य यदि आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं होगा तो विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाई आएगी। मध्यप्रदेश आज एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, जहां सड़क, बिजली, पानी और लैंड बैंक जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर हर प्रकार के उद्योग-व्यवसाय को आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है। वर्ष 2025 को मध्यप्रदेश में उद्योग रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भारत की विकास दर विश्व में सबसे तेज है। इसमें भी मध्यप्रदेश सभी राज्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मध्यप्रदेश जनसंख्या के आधार पर देश में 5वें स्थान पर है। प्रदेश युवा शक्ति के मामले में पहले स्थान पर है। प्रदेश की प्रभावी नीतियों के कारण बेरोजगारी दर के मामले में मध्यप्रदेश देश के उन तीन राज्यों में शामिल है जहां बेरोजगारी की दर सबसे कम है। उन्होंने बताया कि त्रिपुरा और तेलंगाना जैसे छोटे राज्यों की तुलना में, लगभग 9 करोड़ की आबादी होने के बावजूद मध्यप्रदेश में बेरोजगारी दर कम होना प्रदेश की बड़ी उपलब्धि है। साथ ही प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में लगातार वृद्धि हो रही है, जो समृद्धि का संकेत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार रोजगार मूलक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रोत्साहन दे रही है। उद्योगों की स्थापना पर 30 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जा रही है, वहीं एमएसएमई सेक्टर को 60 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। राज्य के संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए नई नीतियां बनाई जा रही हैं।

# तमिलनाडुः कोयंबटूर में ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स की दुकान में भीषण आग, इमारत पूरी तरह जलकर खाक



**तमिलनाडु/ जीएनएस।** तमिलनाडु के कोयंबटूर शहर के कट्टूर इलाके में शुक्रवार शाम एक बड़ी आग ने दहशत फैला दी। राजा रथिनम स्ट्रीट पर स्थित माथेश्वरी ऑटोमोबाइल्स नामक तीन-चार मंजिला इमारत में एक निजी ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स की दुकान और गोदाम में आग लग गई, जो तेजी से फैल गई और पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगने की सूचना मिलते ही तमिलनाडु फायर एंड रेस्क्यू सर्विस की कई दमकल गाड़ियां (5 से अधिक) मौके पर पहुंचीं। स्थानीय पुलिस ने इलाके को घेर लिया और बचाव कार्य शुरू किया। अग्निशमन दल अभी भी आग पर पूरी तरह काबू पाने के प्रयास में जुटे हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इमारत में मौजूद सामग्री के कारण आग बहुत तेजी से भड़की। पुलिस के अनुसार, दुकान के मालिकों ने इमारत की ऊपरी मंजिल पर शेड बनाया हुआ था, जहां वाहनों के आंतरिक और बाहरी मॉडिफिकेशन (संशोधन) का काम चल रहा था। यहां बड़े पैमाने पर वेल्डिंग, बैटरी, इलेक्ट्रिकल सर्किट और अन्य विद्युत कार्य हो रहे थे। परिसर में रबर सामग्री, वाहन तेल, बैटरी और अन्य ज्वलनशील पदार्थ मौजूद थे, जिन्होंने आग को और भयावह बना दिया।

प्रारंभिक जांच में संदेह जताया जा रहा है कि आग की शुरुआत इनमें से किसी विद्युत कार्य या शॉर्ट सर्किट से हुई हो सकती है। आग लगने के समय दुकान में मौजूद लोग सुरक्षित बाहर निकल आए, लेकिन संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है।

यह घटना कोयंबटूर के व्यस्त इलाके में हुई है, जहां आसपास अन्य दुकानें और आवासीय क्षेत्र भी हैं।

### वेस्ट यूपी में बनारस जैसा नजारा! 177 करोड़ से चमकेंगे यमुना के 8 घाट



**मथुरा/ जीएनएस।** वृंदावन में बांकेबिहारी मंदिर के समीप से केशीघाट तक यमुना घाटों के कायाकल्प के लिए 10 वर्ष का लंबा इंतजार अब खत्म हुआ। सिंचाई विभाग और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने गुरुवार को पहुंच निरीक्षण किया।

केशीघाट से लेकर बांकेबिहारी मंदिर की ओर 600 मीटर की लंबाई में आठ यमुना घाटों का विकास किया जाएगा।

यमुना घाटों के विस्तार, नवीनीकरण और सुंदरीकरण की परियोजना की लागत 177, 81 करोड़ रुपये होगी।

बांकेबिहारी मंदिर से केशीघाट की ओर तक के यमुना घाटों की स्थिति सुधारने के लिए 2014 में वृंदावन में रिवर फ्रंट की कार्ययोजना बनाई थी।

उस समय यमुना घाटों के आगे मिट्टी कटान रोकने और पानी को रोकने के लिए तीन-चार फीट ऊंची सीमेंटेड दीवार बनाई गई थी। अंडरग्राउंड पाइप डाले गए।

### तेलंगाना में हाईवे की रेलिंग से टकराई तेज रफ्तार बाइक, 2 की मौके पर ही मौत



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** तेलंगाना में ग्रीनफील्ड नेशनल हाईवे पर जबरदस्त एक्सीडेंट की घटना सामने आई है। एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क किनारे रेलिंग से टकरा गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा तेलंगाना के खम्मम जिले के कल्लू मंडल के लिंगाला गांव में हुआ।

पीड़ितों की पहचान गड्डू रामबाबू और कोम्मू साई के रूप में हुई है। दोनों एलुरु जिले के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि टक्कर के कारण बाइक चलाने वाले और पीछे बैठे यात्री दोनों को जानलेवा चोटें आईं। मेडिकल मदद का कोई मौका नहीं ही नहीं मिला। खम्मम की ओर जा रही थी बाइक

शुरुआती जानकारी के अनुसार, जब हादसा हुआ तो मोटरसाइकिल चिंतलापुडी से खम्मम की ओर जा रही थी। बाइक ने अपना कंट्रोल क्यों खोया, इसकी सही वजह की अभी जांच की जा रही है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी आया सामने - घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें मोटरसाइकिल बहुत तेज रफ्तार से चलती दिख रही है। फुटेज में राइडर अचानक कंट्रोल खो देता है, जिसके बाद गाड़ी सड़क से हटकर किनारे की रेलिंग से टकरा जाती है। ये टक्कर बहुत जोरदार थी। राइडर और पीछे बैठा यात्री दोनों बाइक से कई मीटर दूर जा गिरे।

हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मामला दर्ज कर लिया गया है और हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

### शटडाउन हो गया है राहुल का दिमाग, कांग्रेस नेता के बयान पर भड़के गिरिराज सिंह



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** टेक्सटाइल उद्योग शटडाउन होने के राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तीखा पलटवार किया।उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल उद्योग शट डाउन नहीं हुआ है, राहुल गांधी का दिमाग शट डाउन हो गया है।राहुल देख नहीं पा रहे हैं कि टेक्सटाइल उद्योग का निर्यात बढ़ रहा है।

दरअसल शुक्रवार को ही राहुल गांधी एक्स प्लेटफार्म पर अपने पोस्ट में कहा कि अमेरिका के 50 प्रतिशत शुल्क और अनिश्चितता ने भारतीय गारमेंट निर्यात को बुरी तरह प्रभावित किया है, इससे नौकरियां जा रही हैं और फैक्ट्री शट डाउन हो रही है।

अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की तरफ से आयोजित गारमेंट फेयर में उद्यमियों के संबोधन के बाद सिंह ने राहुल गांधी के पोस्ट पर अपना जवाब देते हुए कहा कि टेक्सटाइल व गारमेंट उद्योग शट डाउन नहीं हुआ है।

### शुद्ध मतदाता सूची और फोटो वोटर आईडी जैसी भारत की पहल पर अब बढ़ेगी दुनिया, जारी हुआ घोषणा पत्र



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मतदाता सूची को शुद्ध बनाने और प्रत्येक मतदाता को फोटो पहचान पत्र मुहैया कराने जैसी भारत की पहल अब दुनिया भर के चुनाव प्रबंधन निकायों ने भी आगे बढ़ने का फैसला लिया है। निकायों का मानना है कि ऐसी पहल से वह अपनी चुनावी पारदर्शिता को और मजबूती दे सकेंगे।

दुनिया भर के चुनाव प्रबंधनने मतदाता सूची को शुद्ध बनाने का दिशा में आगे बढ़ने को लेकर यह सहमति तब दी है, जब निर्वाचन आयोग इन दिनों देश में मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के लिए विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) का अभियान छेड़े हुए है। बिहार के बाद यह अभी 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहा है।

निर्वाचन आयोग ने जारी किया घोषणा पत्र- लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के अंतिम दिन शुक्रवार को दुनिया भर के चुनाव प्रबंधन निकायों की सहमति से भारत निर्वाचन आयोग ने एक दिल्ली घोषणा पत्र जारी किया गया। जिसमें दुनिया भर के चुनाव प्रबंधन निकायों में जिन पांच बिंदुओं पर फोकस करने को सहमति जताई गई, उनमें प्रमुख बिंदु शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने को लेकर था। शुद्ध मतदाता सूची को किसी भी लोकतांत्रिक देश का आधार बताते हुए इस पर आगे बढ़ने की सभी ने सहमति जताई है। इसके साथ ही प्रत्येक मतदाता के फोटोयुक्त पहचान पत्र को भी चुनावी पारदर्शिता के लिए जरूरी बताते हुए सभी ने इस देशों ने इस सहमति जताई है।

# बेटे थक जाओगे, आप..., केरल की सभा में छोटे बच्चे को पीएम मोदी ने दिया दिल छू लेने वाला जवाब



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** केरल के तिरुवनंतपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान एक दिल छू लेने वाला पल सामने आया, जब भीड़ में मौजूद एक छोटे लड़के ने काफी देर तक प्रधानमंत्री की तस्वीर पकड़े रखकर उनका ध्यान अपनी ओर खींचा।

दरअसल, एक बच्चा काफी देर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लेकर काफी देर से खड़ा हुआ था। इस दौरान उनका ध्यान उस बच्चे पर गया तो उन्होंने अपना भाषण बीच में रोककर कहा कि एक बच्चा काफी देर से खड़ा हुआ है। पीएम मोदी का इतना कहना हुआ कि जोरदार तालियां बजने लगीं। पीएम मोदी ने उस बच्चे से क्या कहा- प्रधानमंत्री ने कहा, मैं एक बच्चे को बहुत देर से हाथ ऊपर करके खड़ा देख रहा हूं। तुम थक जाओगे। मुझे तस्वीर दो, उसके पीछे अपना पता लिखो, मैं तुम्हें चिट्ठी लिखूंगा। मैं एसपीजी से गुजारिश करता हूं कि वे मुझे इस बच्चे का प्यार लाकर दें।÷

इसी दौरान पीएम मोदी ने भीड़ में एक महिला को किताब पकड़े हुए देखा। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि वह भी उन्हें कुछ देना चाहती हैं और बताया कि वह अपने साथ एक बड़ी किताब लाई हैं।



# स्वयं की बेटी के हत्यारे आरोपी कालू खान को आजीवन कारावास, बालिका को मिला न्याय




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना खजराना क्षेत्र के एक जघन्य और मानवता को शर्मसार करने वाले प्रकरण में माननीय न्यायालय ने हत्या के आरोपी पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। खजराना पुलिस की त्वरित, सशक्त और साक्ष्य-आधारित विवेचना के परिणामस्वरूप आरोपी को कठोर दंड मिला और मासूम बालिका को न्याय प्राप्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 30 अगस्त 2024 को थाना खजराना पर सूचना प्राप्त हुई थी कि खजराना गणेश मंदिर के पीछे पुरानी पार्किंग के पास स्थित पानी की होदी में एक बालिका का शव मिला है। इस सूचना पर थाना खजराना में मर्ग क्रमांक 62/2024 धारा 194 बीएनएस के तहत मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। जांच में मृतिका की पहचान आरती के रूप में हुई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा तत्काल एक विशेष टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की गई।

मुखबिर तंत्र, आसूचना संकलन एवं सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज के गहन विश्लेषण के बाद यह तथ्य सामने आया कि बालिका के पिता कालू उर्फ शेरू पिता इस्माइल खान निवासी खजराना ने दिनांक 29 अगस्त 2024 की रात्रि लगभग 10 बजे अपनी पुत्री को गोद में लेकर पानी से भरे हौज में डुबोकर उसकी हत्या कर दी। इस पर आरोपी के विरुद्ध थाना खजराना में अपराध क्रमांक 702/24 धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस आयुक्त इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह द्वारा प्रकरण में प्राथमिकता से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उनके मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अमरेंद्र सिंह तथा सहायक पुलिस आयुक्त श्री कुंदन मंडलोई के निर्देशन में थाना प्रभारी खजराना द्वारा लगातार मॉनिटरिंग करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए आरोपी कालू उर्फ शेरू को राउंडअप कर विधिवत गिरफ्तार किया और न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

प्रकरण को जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में चिन्हित करते हुए विवेचक उप निरीक्षक संदीप पटेल द्वारा संपूर्ण अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में विचारण के दौरान साक्षीगणों के सशक्त बयान एवं पुलिस की प्रभावी विवेचना के आधार पर माननीय न्यायालय ने दिनांक 22 जनवरी 2026 को आरोपी कालू उर्फ शेरू को आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

खजराना पुलिस की इस सख्त और संवेदनशील कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया है कि अपराध चाहे कितना भी जघन्य क्यों न हो, कानून के तहत दोषी को सजा दिलाकर ही दम लिया जाएगा।

# वाहनों में आगजनी करने वाला आरोपी तिलक नगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई में गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में वाहनों में तोड़फोड़ एवं आगजनी जैसी घटनाओं पर त्वरित व सख्त कार्रवाई के निर्देश पुलिस आयुक्त इंदौर द्वारा दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत पुलिस थाना तिलक नगर ने तत्परता दिखाते हुए वाहनों में आग लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

घटना 21 जनवरी 2026 की रात की है, जब फरियादी अंजली राय अपने पति विश्वजीत राय के साथ थाना तिलक नगर पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादिया के अनुसार, रात करीब एक बजे चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वह बाहर निकली तो देखा कि उसकी स्कूटी एक्टिवा और साइकिल में आग लगी हुई थी। आग की लपटों से उसके घर को भी नुकसान पहुंचा, वहीं पास में खड़ी पड़ोसी महिला की मोटरसाइकिल भी जल गई।

सूचना मिलते ही थाना तिलक नगर में आगजनी क्रमांक 01/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने जांच के दौरान साक्षियों के कथन के आधार पर बंटी सरकार उम्र 51 वर्ष, निवासी स्कीम नंबर 140 इंदौर को उक्त आगजनी की घटना का आरोपी पाया।

जांच में आरोपी के विरुद्ध धारा 326(1) बीएनएस 2023 के तहत अपराध प्रमाणित होने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने मामा के लड़के से नाराज था और इसी गुस्से में उसने उसके तथा पड़ोसी महिला के वाहनों में आग लगा दी।

परिजनों के अनुसार आरोपी मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ नहीं है और पूर्व में स्वयं को भी चोट पहुंचा चुका है।

पत्नी एवं बच्चों के छोड़कर चले जाने से वह मानसिक रूप से व्यथित था, जिसके चलते उसने इस घटना को अंजाम दिया।

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी तिलक नगर निरीक्षक मनीष लोधा, उप निरीक्षक संजय चौहान, प्रधान आरक्षक भोला यादव, रोशन यादव, मुजफ्फरपुर एवं अंबिका पटेल की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में शांति भंग करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## अपंजीकृत चिकित्सकों द्वारा संचालित किए जाने पर एक अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन की गई सील



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से इंदौर में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के तहत एक निजी चिकित्सालय में अपंजीकृत चिकित्सकों द्वारा संचालित किए जाने पर एक अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन सील की गई है। उक्त कार्रवाई कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि सीएचएल चेरिटेबल ट्रस्ट स्कीम नम्बर 114 निरंजनपुर चौराहा विजय नगर में संचालित है। इसका पीसीपीएनडीटी पंजीयन क्रमांक 769 है, जिसकी वैधता 06 दिसम्बर 2026 तक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीम बनाकर सीएचएल चेरिटेबल ट्रस्ट का निरीक्षण करवाया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल में लगभग 10 अपंजीकृत चिकित्सक सोनोग्राफी सम्बन्धी कार्य कर रहे थे। निरीक्षण टीप के आधार पर सम्बन्धित चिकित्सकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया एवं कलेक्टर इंदौर को अवगत कराया गया। जिसके आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार आज तहसीलदार जूनी इंदौर श्रीमती प्रीति भिसे के साथ पीसीपीएनडीटी दल को मौके पर भेजकर सीएचएल चेरिटेबल ट्रस्ट में पंजीकृत अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए सीलबन्द की गयी। निरीक्षण टीम द्वारा पंचनामा बनाकर कार्रवाई की गई।

# महू में देर रात अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

### सभी मरीजों के उपचार की समुचित व्यवस्था के दिए निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले के महू के पट्टी बाजार एवं चन्दर मार्ग क्षेत्र में जल जनित रोग से बीमार होने की सूचना के बाद कलेक्टर श्री शिवम वर्मा देर रात महू पहुंचे। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों से चर्चा की तथा प्रभावित क्षेत्र के रहवासियों से भी संवाद किया।

दूषित पेयजल से बीमार 9 लोग फिलहाल अस्पताल में उपचाररत हैं, जबकि अन्य लोग अपने घरों पर ही उपचार ले रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद आज सुबह से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. माधव हसानी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का अमला मौके पर मौजूद है। उन्होंने बताया कि इंदौर मेडिकल कॉलेज की टीम और इंदौर के अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों का अमला भी मौके पर भेजा जा रहा है।

क्षेत्रीय विधायक श्रीमती उषा ठाकुर ने भी अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि सभी मरीजों का समुचित एवं प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने महू कैंट बोर्ड को पानी की गुणवत्ता जांचने एवं क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि अस्पताल में मरीजों का उपचार लगातार जारी है और शासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि सुबह से क्षेत्र में सर्वे शुरू किया जाएगा, जिसमें जिन लोगों में किसी भी प्रकार के लक्षण पाए जाएंगे, उन्हें समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया जाएगा। फिलहाल किसी भी मरीज की स्थिति गंभीर नहीं है और भर्ती मरीजों में से कुछ को आज डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

# EOW इंदौर ने जनजातीय कार्य विभाग झाबुआ में करोड़ों के भ्रष्टाचार पर दर्ज की FIR

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इंदौर द्वारा जनजातीय कार्य विभाग, झाबुआ में पदस्थ रहे तत्कालीन अधिकारियों के विरुद्ध सामग्री क्रय में करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के मामले में FIR दर्ज की गई है। जांच में वर्ष 2013-14 से 2019-20 की अवधि के दौरान विभागीय नियमों की अनदेखी करते हुए 2 करोड़ 98 लाख 41 हजार 738 रुपये की सामग्री खरीदी में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

EOW को अध्यक्ष आदिवासी मोर्चा, झाबुआ एवं अन्य शिकायतकर्ताओं द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जनजातीय कार्य विभाग झाबुआ के तत्कालीन अधिकारियों ने फर्जीवाड़ा करते हुए भंडार क्रय नियमों का उल्लंघन किया और शासन को भारी आर्थिक क्षति पहुंचाई। शिकायत की जांच में पाया गया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए शासन द्वारा निर्धारित फर्मों से सामग्री क्रय के नाम पर अनियमितताएं की गईं।

जांच में यह सामने आया कि वर्ष 2013-14 में छात्रावासों एवं शालाओं से मांग-पत्र प्राप्त करने का दावा किया गया, लेकिन सामग्री वितरण के संबंध में प्राप्तकर्ताओं के हस्ताक्षर अभिलेखों में उपलब्ध नहीं थे। वहीं वर्ष 2014-15 से 2019-20 के दौरान निर्धारित प्रारूप में समस्त संस्थाओं से मांग-पत्र प्राप्त नहीं किए गए और उपलब्ध मांग-पत्रों पर भी पालक समिति अध्यक्ष एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं पाए गए।

जांच में यह भी उजागर हुआ कि वर्ष 2015-16 से 2019-20 के दौरान कार्यालयों, छात्रावासों एवं आश्रमों के संचालन हेतु स्टेशनरी, डस्टबिन, शू-स्टैंड, बर्तन सहित अन्य सामग्री का क्रय भंडार क्रय नियमों का पालन किए बिना, बिना दर निर्धारण एवं बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाए स्थानीय विक्रेताओं से किया गया। इसके अलावा संदिग्ध बिलों के माध्यम से संबंधित फर्मों को भुगतान किया गया।

EOW की जांच में आरोप सिद्ध हुए कि आरोपियों ने आपसी सांठ-गांठ कर पद का दुरुपयोग करते हुए शासन को कुल ?2,98,41,738 रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाई। इस मामले में तत्कालीन सहायक आयुक्त प्रशांत आर्थ, सहायक परियोजना प्रशासक (आदिवासी विकास) भारत सिंह, भंडार शाखा प्रभारी (लेखापाल) अयुब खान एवं बजट शाखा प्रभारी राघवेन्द्र सिसोदिया को आरोपी बनाया गया है।

उक्त तथ्यों के आधार पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इंदौर द्वारा आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 409, 120-बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(d) एवं 13(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

# हेलमेट अनिवार्यता को लेकर इंदौर पुलिस का सख्त अभियान, तीन दिन में 6569 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और यातायात व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा हेलमेट के प्रति जागरूकता के साथ-साथ सख्त कार्रवाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन-4) श्री आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा लगातार नियम उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोट से होने वाली मौतों को रोकना और नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना है। इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को न केवल समझाइश दी जा रही है, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त चालानी कार्रवाई भी की जा रही है।

शहर के प्रमुख चौराहों पलासिया, विजयनगर और महूनाका पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जहां एक ओर नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की गई, वहीं दूसरी ओर अनाउंसमेंट के माध्यम से यह भी बताया गया कि यह कार्रवाई वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए है। यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट के महत्व, सड़क सुरक्षा नियमों और दुर्घटनाओं से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

इसके साथ ही यातायात रथ की डिजिटल स्क्रीन पर सड़क सुरक्षा से जुड़े वीडियो प्रदर्शित किए जा रहे हैं। जागरूकता रैलियों, अनाउंसमेंट और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाया जा रहा है।

दिनांक 22 जनवरी को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 2057 दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध हेलमेट नहीं लगाने एवं अन्य धाराओं में 2395 चालान बनाए गए। वहीं, विगत तीन दिनों में कुल 7609 वाहन चालकों पर यातायात नियमों के उल्लंघन की कार्रवाई की गई, जिनमें से 6569 चालान केवल हेलमेट नहीं पहनने पर बनाए गए।

इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट का उपयोग करें और यातायात नियमों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन करें, क्योंकि सड़क पर सुरक्षा ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## विकास तवर को राजनीति विज्ञान में पीएचडी की उपाधि से किया गया सम्मानित




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह का आयोजन शुक्रवार को वसंत पंचमी के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय के शताब्दी हॉल परिसर में किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने शोधार्थियों, स्नातकोत्तर एवं स्नातक उपाधिधारकों को उपाधियां प्रदान कीं। इसी क्रम में राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र से शोधकार्य पूर्ण करने वाले विकास तवर को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा उन्हें यह उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। विकास तवर ने द राइज ऑफ न्यू नेशनलिज्म ~ इंडिया इमर्जिंग ऐज ए वर्ल्ड लीडर विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं परिजनों ने विकास तवर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उनकी इस सफलता को विश्वविद्यालय के लिए भी गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया गया।

## तेज आवाज में अवैध डीजे संचालन पर तिलक नगर पुलिस की सख्त कार्रवाई, साउंड सिस्टम जप्त

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में आमजन की शांति और सुविधा को ध्यान में रखते हुए अवैध रूप से तेज आवाज में डीजे संचालन करने वालों के विरुद्ध इंदौर पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री अमरेन्द्र सिंह व सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन मण्डलोई के नेतृत्व में पुलिस थाना तिलक नगर द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना तिलक नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित एसेंशियल होटल के गार्डन में बिना अनुमति, निर्धारित समय का उल्लंघन करते हुए तथा ध्वनि प्रदूषण के तय मानकों से अधिक तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक के लिए थाना प्रभारी तिलक नगर द्वारा तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया, जहां जांच में सूचना सही पाई गई। मौके पर पुलिस द्वारा डीजे साउंड सिस्टम को जप्त करते हुए संबंधित आयोजक एवं संचालक के विरुद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की गई। इस संबंध में थाना तिलक नगर पर अपराध क्रमांक 31/26 धारा 15(1) म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं 223(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इसके साथ ही होटल प्रबंधन को भी नोटिस जारी किया गया है। पुलिस द्वारा जिन डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, उनमें अक्षत निवासी गांधीनगर इंदौर एवं मुकेश सोनी निवासी तिलक नगर इंदौर शामिल हैं। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी तिलक नगर निरीक्षक मनीष लोधा, उप निरीक्षक लल्लू राम गोस्वामी, प्रधान आरक्षक मुजफ्फर एवं अंबिका पटेल की सराहनीय भूमिका रही। इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय, अनुमति एवं ध्वनि मानकों का उल्लंघन कर डीजे संचालन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## देपालपुर जनपद पंचायत में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 83 जोड़ों का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शुक्रवार को देपालपुर जनपद पंचायत द्वारा श्री चौबीस अवतार मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत एक भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 83 नवयुगल दम्पत्तियों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन सामाजिक समरसता, आर्थिक सहयोग और पारंपरिक मूल्यों का सशक्त उदाहरण बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री मनोज पटेल थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सतीश मालवीय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भारत पटेल, सांसद प्रतिनिधि श्री मोहन कच्छावा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री राकेश मोहन त्रिपाठी, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती पूजा मालाकार सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्लाट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला शातिर जालसाज लसुडिया पुलिस की गिरफ्त में

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्लाट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर जालसाज को पुलिस थाना लसुडिया ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने स्कीम 78 क्षेत्र में कीमती प्लाट दिलाने का झांसा देकर फरियादिया से नगद व ऑनलाइन माध्यम से बड़ी रकम ऐंठ ली थी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया वर्षा पति रोहित नायर, निवासी 214 बी, आरजी सांग्रीला कॉलोनी, लसुडिया, इंदौर ने थाना लसुडिया में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि शिक्षक नगर, एयरपोर्ट रोड निवासी गोल्डी राठौर ने वर्ष 2022 में स्कीम 78, इंदौर अंतर्गत लगभग 2380 वर्ग फीट का प्लाट सस्ते दाम पर दिलाने का लालच दिया था। आरोपी ने प्लाट की कीमत करीब 64 लाख रुपये बताते हुए फरियादिया से अलग-अलग किस्तों में नगद एवं ऑनलाइन माध्यम से कुल 8 लाख 46 हजार रुपये प्राप्त कर लिए।

राशि प्राप्त करने के बाद आरोपी ने जो प्लाट दिखाया था, उसका आज दिनांक तक कोई सौदा नहीं कराया और न ही ली गई रकम वापस की। इसके पश्चात आरोपी फरार हो गया।

फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना लसुडिया में अपराध क्रमांक 114/2026 धारा 420 भारतीय दंड संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

जांच एवं विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गोल्डी राठौर, निवासी शिक्षक नगर, एयरपोर्ट रोड, इंदौर को अभिरक्षा में लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा प्रकरण में विवेचना के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत झोन 14 के वार्ड 82 में आयोजित हुआ शिविर, महापौर ने किया लाभ वितरण

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत गुरुवार को झोन क्रमांक 14 के वार्ड क्रमांक 82 में साईं बाबा मंदिर के पास, हवा बंगला रोड पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों पर त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



शिविर के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। इस कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत एक लाख ऋण प्रकरणों के वितरण एवं क्रेडिट कार्ड योजना के शुभारंभ का आयोजन संपन्न हुआ, जिसे उपस्थित नागरिकों ने लाइव देखा।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना के तहत 50-50 हजार रुपये के दो हितग्राहियों तथा घरेलू कामकाजी महिला योजना की दो महिला हितग्राहियों को प्रतिकात्मक रूप से लाभ वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा गरीब, महिला, युवा एवं जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए 100 से अधिक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

महापौर ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने और स्वाभिमान के साथ आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस योजना में बैंक द्वारा दिए गए ऋण को समय पर चुकाने पर हितग्राही को पुनः ऋण की सुविधा भी मिलती है, जिससे उसका आर्थिक सशक्तिकरण होता है।

उन्होंने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत इंदौर शहर के सभी 85 वार्डों में दिनांकवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक आयोजित शिविरों में नागरिकों से 13 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से नगर निगम, जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित लगभग 10 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है तथा शेष पर निरंतर कार्यवाही जारी है।

शिविर में पार्षद श्रीमती शानु शर्मा, अपर आयुक्त श्री नरेन्द्र नाथ पांडे, झोनल अधिकारी, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# जीएसटी और आईटी के काम देखने वाला निकला धोखेबाज, मैहर जिले से दबोचा, 15-20 लाख हड़पे

## कोतवाली पुलिस ने अब तक 13 मामले जालसाजी के सुलझाए, 39 लाख से ज्यादा किए बरामद



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ एवं उनकी टीम से व्यापारी से टैक्स संबंधी धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को मैहर जिले से पकड़ा है। आरोपी निलेश सिंह पिता भगवत प्रसाद बैंस निवासी ममरहा, थाना रामनगर जिला मैहर ने धोखाधड़ी का नया तरीका ईजाद कर लाखो रुपये ठगे थे। शासन से टैक्स चुराने में अन्य व्यक्तियों का सहयोग किया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी संबंधी 13 प्रकरणो में अब तक 39 लाख 43 हजार 839 रुपये नकद एवं अन्य लाखो रुपये के मूल्यवान दस्तावेज जप्त कर पीड़ितों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया है।

घटना अनुसार दिनांक 11 जनवरी 2026 को प्रभुलाल माली निवासी रामटेकरी ने शहर कोतवाली आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। बताया कि आरोपी निलेश सिंह द्वारा विगत करीब 08 साल से प्रार्थी का जीएसटी /आईटी संबंधी कार्य देखा जा रहा था। आरोपी पूर्व में प्रतीक डोसी की कम्पनी का काम कर रहा था, तब से आरोपी से परिचय हुआ था। उसके पश्चात् जब आरोपी ने अपना काम सन् 2017 से अलग किया था तो प्रार्थी का जीएसटी /आईटी का काम निलेश देखने लगा था। निलेश रामटेकरी स्थित जमींदार कालोनी मंदसौर में पुष्पा श्रीवास्तव के मकान में किराये से रह रहा था। इस दौरान आरोपी ने फरियादी के जीएसटी खाते के मोबाईल नंबर तथा ईमेल आईडी में फरियादी के स्थान पर खुद के मोबाईल नंबर व ईमेल आईडी डाल दिये, ताकि फरियादी को जीएसटी रिबेट के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त नहीं हो सके और इन वर्षो में आरोपी द्वारा जीएसटी अकाउंट के फर्जी बिल अन्य फर्म को देकर शासन को लाखो रुपये की राजस्व की हानि पहुंचाई। इसके एवज में अन्य फर्म से कमीशन बतौर लाखो रुपया प्राप्त किया। फरियादी द्वारा माह मई 2025 में शासकीय भुगतान प्राप्त होने पर अपने आय व्यय का रिटर्न भरने हेतु जून 2025 में निलेश से सम्पर्क करना चाहा तो निलेश ने फोन रिसीव नहीं किया। फिर फरियादी और उसका बेटा सुनील माली आरोपी निलेश के किराये के मकान पर तलाश करने गये तो पता चला कि वो पांच-छह माह पूर्व ही मकान खाली करके फरार गया हैं। इस पर फरियादी ने अन्य व्यक्ति से टैक्स/जीएसटी संबधी कार्यवाही हेतु संपर्क किया तो फरियादी को आरोपी के धोखाधड़ी के कृत्य की जानकारी लगी। जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक संयुक्त पुलिस टीम जिला मैहर में पहुंची, जहां से दबोचा गया।

किस फर्म को अवैध लाभ पहुंचाया, वे भी बनेंगे आरोपी- आरोपी द्वारा प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसने फरियादी की जीएसटी/आईडी रिबेट को अन्य फर्म को पास करके करीब 15 से 20 लाख का नुकसान पहुंचाया होगा, जो वास्तविक नुकसान की जानकारी आरोपी के लैपटाप में फरियादी के टेली के अकाउंट मे सुरक्षित है। आरोपी का 30 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर है। फरियादी की जीएसटी रिबेट से किस फर्म को अवैध लाभ पहुंचाया गया, उन्हे भी प्रकरण में आरोपी बनाया जाएगा। आरोपी द्वारा किन किन व्यक्तियो का जीएसटी/ आईटी संबधी कार्य देखा जाता था, उनके खाते की भी जानकारी अनुसंधान के दौरान प्राप्त की जावेगी। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी के अनेक बैंक खाते की जानकारी मिली है। जिन्हे फ्रीज कराया जावेगा। इस कार्रवाई में कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, उनि संदीप मौर्य, प्रआर कमलेश सिंह भदौरिया, प्रआर आशीष बैरागी (सायबर सेल) प्रआर मुजफ्फउद्दीन शेख (सायबर सेल), आर अरुण का योगदान रहा।

# जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिला ब्रीडर प्रकोष्ठ गठित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के लिए हिरण्यगर्भा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ एवं पशु पौषण को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसके तहत क्षीर धारा अभियान, दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान, गौशालाओं में नस्ल सुधार, टीकाकरण, टेगिंग, विभागीय योजनाओं के माध्यम से राज्य के बाहर से नए दुधारू पशुओं का उत्प्रेरण, पशुपालक संगोष्ठियों का आयोजन आदि जनोन्मुखी गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। उपसंचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार बताया, कि दुग्ध उत्पादन में वृद्धि नस्ल सुधार एवं प्रगतिशिल पशुपालकों को साझा मंच उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले में ब्रीडर प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ में जिले के एसे पशुपालकों को सम्मिलित किया गया है जो भारतीय मूलवंश की 20 से अधिक गायो अथवा भैसो का पालन कर रहे है। भविष्य में इन पशुपालको को नस्ल सुधार तथा उन्नत नस्ल की बछियाएँ पैदा होने पर विपणन के अवसर उपलब्ध होगें, ताकि इनकी आय में वृद्धि हो। इसके अतिरिक्त पशुपालन विशेषज्ञों परस्पर संवाद कर, साझा मंच प्रदान करने, सेमीनारों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही हरा चारा उत्पादन, पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायेगी। इस प्रकोष्ठ में सात सदस्यों को नामांकित किया गया है जिसमें से दो शासकीय तथा पाँच अशासकीय सदस्य है। शासकीय सदस्यों में उपसंचालक पशुपालन एवं पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी तथा अशासकीय सदस्यों में श्री अंकित बेनीवाल केसरपुरा, श्री राहुल धाकड अठाना, श्री कन्हैयालाल गर्जुर भोजपुरा, श्री हरिसिंह गुर्जर मात्याखेडी, श्री प्रकाश गुर्जर चेनपुरिया शामिल किया गया है। प्रदेश स्तरीय ब्रीडर एसोसीएशन हेतु श्री अंकित बेनीवाल केसरपुरा को नामांकित किया गया।

## एम.पी.ई-सेवा पोर्टल से ले सकेंगे 26 विभागों की 500 सेवाओं का लाभ

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** एम.पी.ई-सेवा नागरिक सेवाओं के लिए एकीकृत पोर्टल एवं मोबाइल ऐप है जो मध्य प्रदेश में विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों और संगठनों द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं तक पहुँचने के लिए एकीकृत इंटरफ़ेस प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए, मध्य प्रदेश सरकार ने सभी विभागों से ऑनलाइन सेवाओं को शामिल करके ई-सेवा नामक एक केंद्रीकृत एमपी ई-सेवा पोर्टल बनाया है। इस पर 26 विभागों की 500 सेवाएँ वर्तमान में उपलब्ध है। जिले के नागरिक ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से 26 विभागों की 500 सेवाओं का ऑनलाईन लाभ उठाने आवेदन कर सकते है।

# मंदसौर शहर के सभी परिवारों को शुद्ध एवं स्वच्छ पानी मिलेगा : उप मुख्यमंत्री देवड़ा

## रामघाट मंदसौर में 11 करोड़ के नवीन फिल्टर प्लांट का भूमिपूजन हुआ



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने रामघाट, मंदसौर में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत 11 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नवीन फिल्टर प्लांट, टंकी एवं डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन का विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित सहित नगर पालिका के पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि नवीन फिल्टर प्लांट के बन जाने से मंदसौर शहर के सभी परिवारों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि 48 वर्ष पुराने फिल्टर प्लांट के स्थान पर 11 करोड़ रुपये की लागत से नया फिल्टर प्लांट निर्मित किया जा रहा है, जो नगर पालिका के लिए अत्यंत आवश्यक कार्य था। कार्यक्रम के पश्चात उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू समुदायों के परिवारों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतु संचालित जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि 16 एमएलडी क्षमता का फिल्टर प्लांट, तीन पानी की टंकियां तथा तेलिया तालाब का सौंदर्यीकरण एक साथ किया जाएगा, जिससे शहर की जलापूर्ति व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चंबल नदी से लगभग 60 प्रतिशत पानी प्राप्त हो रहा है। साथ ही 3300 करोड़ रुपये की लागत से मंदसौर बैराज परियोजना का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में मंदसौर को और अधिक जल उपलब्ध होगा। सिवरेज कार्य भी प्रारंभ हो चुका है, जिससे शहर की स्वच्छता में सुधार आएगा। संचालन नपा जलकार्य सभापति निलेश जैन ने किया। आभार क्षेत्रीय पार्षद एवं जलकार्य समिति सदस्य कमलेश सिसौदिया ने माना।

# इछावर में 200 जोड़ों का सामूहिक कन्या विवाह एवं निकाह सम्पन्न

## राजस्व मंत्री ने नव दंपतियों को दिया आर्शीवाद



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत इछावर में भव्य सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए। उन्होंने नवदंपतियों को भावी दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में कुल 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिनमें 173 जोड़ों का विवाह तथा 27 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास के साथ-साथ जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों का पक्का मकान का सपना साकार हो रहा है तथा पात्र परिवारों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। मंत्री श्री वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से नागरिकों को अच्छे अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना चलाई जा रही है। वहीं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि समाज का कोई ऐसा वर्ग नहीं है, जिसे सरकार की योजना का लाभ न मिल रहा हो। शासन की योजनाएं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मति रचना सुरेन्द्र मेवाड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री मति रेखा जगदीश पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री मति नीलू शंकर जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत लाभांवित होंगे जिले के 1525 किसान

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश एवं नीमच जिले में किसानों के खेतों में सोलर पम्प स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में 1525 किसानों को इस योजना के तहत लाभांवित करने के लिए विकासखण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ श्री पराग जैन ने बताया, कि 27 जनवरी 2026 को जनपद सभाकक्ष नीमच में तहसील नीमच व जीरन के 425 कृषकों के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी तरह 28 जनवरी को जनपद सभाकक्ष जावद में जावद क्षेत्र के 178 किसानों 29 जनवरी को जनपद सभाकक्ष मनासा में तहसील मनासा एवं रामपुरा के 785 किसानों और 30 जनवरी को प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था रतनगढ़ में सिंगोली तहसील के 138 किसानों के लिए दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित किए जा रहे है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नीमच, जावद, मनासा हितग्राही किसानों से संपर्क कर सौलर पम्प आवेदकों के आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, मोबाईल नम्बर तथा बैंक खाते के लिए 100 रूपये के साथ किसानों को शिविरों, मेलो की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा शिविरों में सौलर पम्प आवेदकों का खाता खोलने एवं सी.आई.एफ.करने के लिए आवश्यक संसाधनों के कर्मचारियों की शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इस शिविर में अधिकाधिक किसानों को प्रधानमंत्री कृषि मित्र सूर्य योजना के तहत सौलर पम्प स्थापित करने के लिए उनके प्रकरण तैयार करवाकर लाभांवित किया जावेगा। अधिकाधिक किसानों से इन शिविरों में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आगृह किया गया है।

## कलेक्टर द्वारा अवैध खनिज परिवहन के दो प्रकरणों में 63 हजार रूपये से अधिक की शास्ति आरोपित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के दो प्रकरणों में कुल 63 हजार 780 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक अवैध खनिज परिहवनकर्ता वाहन चालक गोरी शंकर पिता गणेश गुर्जर निवासी बाणनि तहसील गंगरार जिला चित्तौडगढ द्वारा रैत का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 3750 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 29 हजार 630 रूपये इस प्रकार कुल 33380 रूपए की शास्ति अधिरोपित की है। खनि अधिकारी को निर्देशित किया है, कि अधिरोपित जुर्माने की राशि 33380 रूपए चालान से 15 दिवस के अन्दर शासकीय कोष में जमा होने पर जप्त शुदा वाहन ट्रेलर पंजीयन क्र.आर.जे.09जी.डी.5578 को मुक्त करने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जाए। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज सर्वेयर द्वारा 17 जनवरी 2026 को आकस्मिक भ्रमण के दौरान उक्त ट्रेलर द्वारा अवैध रूप से रैत परिवहन करना पाए जाने पर वाहन जप्त कर,पुलिस चौकी नयागांव की अभिरक्षा में रखा गया तथा अवैध परिवहनकर्ता के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था। इसी तरह एक अन्य प्रकरणों में कलेक्टर द्वारा खनिज के अवैध परिवहनकर्ता वाहन चालक भवरलाल पिता बंशीलाल भील निवासी कुण्डला तहसील जावद पर कुल 30 हजार 400 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है।

## नीमच जिले के जन्मजात विकृति वाले 546 बच्चों को निःशुल्क सर्जरी एवं उपचार का लाभ मिला

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तहत जन्मजात विकृति एवं रोगों से ग्रसित बच्चों के उपचार हेतु गहन सर्वे करवाकर उपचार करवाया जा रहा हैं। इसके तहत अब तक जन्मजात विकृति वाले 546 बच्चों को चिन्हित कर उनका उपचार करवाया जा चुका है। माह अप्रेल 2025 से अभी तक जिले में कुल 546 बच्चों को सर्जरी एवं उपचार का लाभ दिया जा चुका हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा द्वारा महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से भी वंचित बच्चों का सर्वे करवाकर, इन बच्चों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत निःशुल्क सर्जरी एवं उपचार मान्यता प्राप्त निजि चिकित्सालयों एवं शासकीय चिकित्सालयों में करवाया जा रहा हैं। अब तक कुल 546 बच्चों की सर्जरी एवं अन्य आवश्यक उपचार करवाया गया है। कटे होंट फटे तालू की 12 सर्जरी, काक्लियर इम्पलांट 4 सर्जरी, हृदय रोग की 7 सर्जरी, क्लब फुट की 39 कास्टिंग व सर्जरी, डेन्टल संबंधित 284 सर्जरी उपचार एवं 200 अन्य सर्जरी की जा चुकी हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर उपचार से वंचित बच्चों का उपचार करवाया जा रहा हैं। इन बीमारियों से ग्रसित बच्चों के उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में शिशु रोग विभाग में संपर्क किया जा सकता हैं।

## डोराई आयुष शिविर में 66 रोगी लाभांवित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय अलोरी गरवाडा द्वारा शुक्रवार को निन्शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर ग्राम डोरई में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, रक्तचाप, अर्श, अम्लपित, प्रमेह आदि बीमारियों की जांच कर निन्शुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में बी.पी.की निशुल्क जांच कर, मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय, तनाव से मुक्ति, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी प्रदान कर, आवश्यक परामर्श के साथ औषधियां उपलब्ध कराई गई।

## प्रांतीय महामंत्री डीएस चंद्रावत ने लिखा पत्र, कहा- आउटसोर्स अनुबंध की विसंगतिपूर्ण शर्तों में हो बदलाव



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री दशरथसिंह चंद्रावत ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन को पत्र लिखकर मांग करी है कि वर्तमान में विद्युत विभाग में कई वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों कि अनुबंध शर्तों में विसंगतिपूर्ण शर्तो में परिवर्तन किया जाए। ऊर्जा विभाग भोपाल द्वारा वर्तमान में अनुबंध शर्तों में यह प्रावधान कर रखा है कि विद्युत विभाग में कार्यरत कर्मचारी/अधिकारी, दिवंगत कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी के पुत्र-पुत्री, भाई-बहन आउटसोर्स कर्मी के रूप में कार्य नहीं कर सकते हैं। यह प्रावधान अन्यायपूर्ण होकर प्राकृतिक न्याय के विपरीत हैं। विद्युत विभाग में विगत कई वर्षो से छोटे कर्मचारियों, दिवंगत, सेवानिवृत्त कर्मचारी के पुत्र-पुत्री, भाई-बहन आउटसोर्स कर्मी के रूप में कार्य करते हुए अपना जीवनयापन कर रहे हैं। विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन का तर्क है कि जब नियमित भर्ती के समय विद्युत विभाग के कर्मचारी के पुत्र-पुत्री, भाई-बहन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। चयनित होने पर नियमित पद पर नौकरी कर सकते हैं तो फिर आउटसोर्स कर्मी के रूप में कार्य करने में क्या वैधानिक परेशानी आ रही है। विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन ने अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग भोपाल, ऊर्जा सचिव भोपाल और प्रबंध निदेशक इंदौर को भी इस संबंध में पत्र लिखकर आउटसोर्स कर्मचारियों को न्याय प्रदान करने की मांग करी है। विद्युत फेडरेशन ने यह भी मांग रखी हैं कि आउटसोर्स कर्मचारी उपलब्ध करवाने का कॉन्ट्रैक्ट बाहरी एजेंसी को देने के बजाय म. प्र. विद्युत मंडल कर्मचारी परस्पर सहकारी साख संस्था मर्यादित मंदसौर को दिया जाए।

## फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर मानसिक रूप परेशान करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** एसडीओपी ग्रामीण कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में दलौदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शुभम व्यास एवं टीम द्वारा फर्जी इंस्टाग्राम आई डी बनाकर युवती को परेशान करने वाले आरोपी संदीप पाटीदार निवासी दलौदा रेल की धरपकड़ कर गिरफ्तार किया है। घटना अनुसार पीडिता ने रिपोर्ट किया कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर मुझे परेशान किया जा रहा है। जिस पर थाना दलौदा पर प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण में विशेष टीम का गठन कर तकनीकी साक्षीयो के आधार पर वैज्ञानिक अनुसंधान कर मुख्य आरोपी संदीप पिता कारुलाल पाटीदार निवासी दलौदा रेल को गिरफ्तार कर फर्जी आईडी बनाने में प्रयोग किये मोबाईल को जब्ती में लिया गया। इस कार्य में महिला थाना प्रभारी रानी बेग, उनि शुभम व्यास थाना प्रभारी दलौदा, उनि पूर्णिमासिंह, प्रआर जितेन्द्रसिंह, प्रआर लक्ष्मी पाटीदार, प्रआर मंजु गुर्जर, प्रआर सतोष जोशी, सउनि चालक महेश मिश्रा योगदान रहा।

# कम उपलब्धि वाली परियोजनाओं एवं पर्यवेक्षकों के प्रति नाराजगी, माह में 88% कम भोजन वितरित तो कार्रवाई होगी

## कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई, जिसमें सीईओ जिला पंचायत, सीएमएचओ, जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त परियोजना अधिकारी, जिला समन्वयक, समस्त ब्लॉक एवं समस्त पर्यवेक्षकों की उपस्थिति रही।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बीएल विश्नोई ने पीपीटी के माध्यम से जिले के प्रदर्शन को बताया। जिसमें कलेक्टर गर्ग द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्यवेक्षक सभी निजी स्कूलों में जाकर सत्यापन करे और छूटे हुए बच्चों को नवीन पंजीयन करें। कार्य नहीं करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सेवा समाप्ति करने, कम उपलब्धि प्रतिशत वाली परियोजनाओं को चेतावनी पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संबोधन कार्य का अंतर्गत 24 जनवरी को समस्त परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण आयोजित किए जाने और सभी एसएएम बच्चों को दर्ज किए जाने और नियमित फॉलोअप किए जाने के विशेष निर्देश दिए गए। कम उपलब्धि वाली परियोजनाओं एवं पर्यवेक्षकों के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई और उन्हें निर्देशित किया गया कि यदि आगामी माह में 88त्र कम भोजन वितरण होता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। अंत में कलेक्टर द्वारा मुख्य बिंदुओं पर उपस्थित सभी से चर्चा की गई। सभी को निर्देशित किया गया कि बैठक में प्राप्त समस्त निर्देशों का पालन करें।

## चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (उपखण्ड) जावद श्रीमती प्रीति संघवी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग 6(4) के तहत आमलीभाट निवासी अमित पिता भरतलाल पाटीदार की 27 जून 2025 को पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर मृतक के वारिस भरतलाल पाटीदार को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसीलदार जावद द्वारा आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर, स्वीकृति के लिए एसडीएम जावद को प्रस्तुत किया गया था।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित, विभागीय योजनाओं की प्रगति की हुई विस्तार से समीक्षा



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना सुरेंद्र मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत मंडल, सामाजिक न्याय, कृषि विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों द्वारा स्थानीय समस्याओं एवं विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया और सुझाव भी दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधि जनता से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए उनके सुझावों पर गंभीरता से विचार कर उचित पाए जाने पर उन्हें लागू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ब्लॉक एवं ग्राम स्तरीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

बैठक में कृषि विभाग ने जानकारी दी कि रबी वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 01 लाख 68 हजार 775 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया गया है। मृदा परीक्षण के अंतर्गत 18 हजार 200 नमूनों के लक्ष्य के विरुद्ध 17 हजार 391 नमूने एकत्र किए गए हैं। फसल प्रदर्शन, बीज वितरण एवं प्राकृतिक खेती योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति की गई है। किसानों को अनुदान एवं तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बताया गया कि जिले में संपर्कविहीन बसाहटों को जोड़ने के लिए कुल 106 किलोमीटर से अधिक लंबाई की सड़कों के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं। इछावर एवं सीहोर विकासखंड में बड़ी संख्या में ग्रामों को सड़क सुविधा से जोड़ा जा रहा है। कई मार्गों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य प्रगतिरत हैं। सभी सड़कों का निर्माण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किया जा रहा है।

सामाजिक न्याय विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 01 लाख 11 हजार 659 हितग्राहियों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत दिसंबर 2025 तक लगभग 669 करोड़ 79 लाख रुपये की पेंशन राशि स्वीकृत की गई है। वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग एवं परित्यक्ता पेंशन योजनाओं का नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य सतत जारी है।

शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में वर्ष 2023-24 में कक्षा 10वीं में जिला राज्य स्तर पर दूसरा तथा कक्षा 12वीं में आठवां स्थान प्राप्त कर चुका है। वहीं वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं दोनों में जिला सातवें स्थान पर रहा है। शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार हेतु निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं।

## सम्पादकीय

# शिक्षा रोजगार का टिकट नहीं, जीवन का दर्शन बने

विश्व शिक्षा दिवस कोरा उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है, यह सोचने का क्षण कि शिक्षा क्या है, किसके लिए है और किस दिशा में समाज को ले जा रही है। भारत इस संदर्भ में केवल एक देश नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है, जिसने शिक्षा को कभी भी मात्र रोजगार या सूचना का साधन नहीं माना, बल्कि जीवन-निर्माण, चरित्र-गठन और आत्मबोध की प्रक्रिया के रूप में जिया है। आज जब दुनिया ज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अभूतपूर्व दौर में खड़ी है, तब भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और उसके शैक्षिक सूत्र वैश्विक नेतृत्व का आधार बन सकते हैं। इस वर्ष की थीम 'शिक्षा के सह-निर्माण में युवाओं की शक्ति' है, जो शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर केंद्रित है, यह दिन शिक्षा को एक मौलिक अधिकार और भविष्य की पूंजी के रूप में रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है, ताकि गरीबी मिटाई जा सके, लैंगिक समानता लाई जा सके और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिसकी आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि लाखों बच्चे एवं युवा शिक्षा से वंचित हैं और यह दिन युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस, शांति और विकास के लिए शिक्षा की भूमिका का जश्न मनाता है। यह शिक्षा को एक मौलिक मानवाधिकार, सार्वजनिक हित और जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करता है। यह दिन गरीबी के चक्र को तोड़ने और लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देता है। यह दिन शिक्षा को भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी मानता है, जो समाज को अंधकार से बाहर निकाल सकती है और भविष्य के निर्माताओं को तैयार कर सकती है। भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा का मूल मंत्र था-सा विद्या या विमुक्तये, अर्थात् वही विद्या है जो मुक्त करे। गुरुकुलों में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं थी; वह आचरण, अनुशासन, प्रकृति के साथ सामंजस्य, गुरु-शिष्य संवाद और जीवनोपयोगी कौशल का समन्वय थी। गुरु केवल विषय का अध्यापक नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टा होता था और शिष्य केवल परीक्षा-उत्तीर्ण करने वाला विद्यार्थी नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक। आश्रम-व्यवस्था में रहकर विद्यार्थी सेवा, श्रम, ध्यान, तर्क और प्रयोग-इन सबके माध्यम से समग्र व्यक्तित्व का विकास करता था। यह शिक्षा आत्मनिर्भरता सिखाती थी, प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सह-अस्तित्व का बोध कराती थी और ज्ञान को जीवन से जोड़ती थी।

औपनिवेशिक काल में यह समग्र शिक्षा व्यवस्था व्यवस्थित रूप से ध्वस्त की गई। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति का उद्देश्य भारतीयों को शिक्षित बनाना नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए क्लर्क तैयार करना था-ऐसे लोग जो सोच में अंग्रेज़ हों, रंग में भारतीय। इस पद्धति ने शिक्षा को जीवन से अलग कर दिया, भाषा को जड़ों से काट दिया और ज्ञान को रटंत, अंक-केंद्रित और नौकरी-उन्मुख बना दिया। आज़ादी के बाद भी दुर्भाग्यवश, भारत लंबे समय तक उसी ढांचे में फंसा रहा। विद्यालय और विश्वविद्यालय बढ़े, लेकिन शिक्षा की आत्मा कमजोर होती चली गई।

डिग्रियों की संख्या बढ़ी, पर कौशल, नैतिकता और नवाचार का संकट गहराता गया। स्वतंत्र भारत की शिक्षा प्रणाली ने कुछ सकारात्मक प्रयास अवश्य किए-सार्वजनिक विश्वविद्यालय, वैज्ञानिक संस्थान, तकनीकी शिक्षा लेकिन व्यापक स्तर पर शिक्षा समाज की आवश्यकताओं से कटती गई। पाठ्यक्रम बोझिल होते गए, परीक्षाएं स्मृति-आधारित बनती गईं और शिक्षक-छात्र संवाद औपचारिकता में सिमट गया। शिक्षा रोजगार का टिकट बन गई, जीवन का दर्शन नहीं। यही कारण है कि आज शिक्षित युवा भी दिशाहीनता, बेरोजगारी और मानसिक तनाव से जूझ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आती है। यह नीति केवल संरचनात्मक सुधार नहीं, बल्कि वैचारिक बदलाव का संकेत देती है। इसमें भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने, बहु-विषयक अध्ययन, रटंत विद्या से मुक्ति, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार और नैतिक शिक्षा पर बल दिया गया है। यह नीति स्पष्ट रूप से मैकाले की शिक्षा पद्धति से बाहर निकलने की दिशा में कदम है-जहां शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सक्षम, सृजनशील और संवेदनशील मानव का निर्माण है।

नई शिक्षा नीति में कौशल विकास, अनुभवात्मक अधिगम, खेल, कला और व्यावसायिक शिक्षा को महत्व देना, उच्च शिक्षा में विषयों की कठोर सीमाओं को तोड़ना-ये सभी कदम गुरुकुल परंपरा की आधुनिक पुनर्व्याख्या जैसे हैं। मातृभाषा में शिक्षा का आग्रह न केवल संज्ञानात्मक विकास को सुदृढ़ करता है, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास भी लौटाता है। यह नीति भारतीय ज्ञान परंपरा-योग, आयुर्वेद, दर्शन, गणित, खगोल को वैश्विक संदर्भ में पुनर्स्थापित करने का अवसर देती है। फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि नीति और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बड़ी चुनौती है। व्यापक परिवर्तन की अपेक्षाएं अभी अधूरी हैं। शिक्षा को वास्तव में कौशल विकास का केंद्र बनाना होगाकुजहां विद्यार्थी केवल पढ़े नहीं, बल्कि कर सकें, सोच सकें, समस्या सुलझा सकें। पाठ्यपुस्तकों और रटंत विद्या से हटकर शिक्षा को जीवन-विकास का आधार बनाना होगा। शिक्षक को फिर से गुरु की भूमिका में लाना होगा-मार्गदर्शक, प्रेरक और सहयात्री के रूप में। तकनीकी विकास, नवाचार और एआई के युग में भारतीय शिक्षा पद्धति के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर, उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनना है-डिजिटल साक्षरता, डेटा, विज्ञान और तकनीक में अग्रणी होना है।

## श्री महाकाली भूतकाल के बंधनों से मुक्त कर आनंद प्रदान करती हैं



सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य आदिशक्ति श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा वर्णित है कि, हमारे अंदर तीन तरह की शक्तियां विराजती हैं। पहली जो शक्ति है मुख्यतः वह है इच्छा शक्ति। अगर परमात्मा की इच्छा ही नहीं होती तो वे संसार क्यों बनाते उनकी इच्छाशक्ति के अंदर से ही बाकी की शक्तियां निकली हैं। इसी इच्छाशक्ति को सहज योग की भाषा में महाकाली की शक्ति कहते हैं।

महाकाली की शक्ति हमारे बायीं ओर ईड़ा नाड़ी से प्रवाहित होती है।परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने महाकाली का वर्णन करते हुए कहा है, वे आनंद प्रदायिनी हैं और अपने भक्तों को आनंदित देखकर प्रसन्न होती हैं। आनंद ही उनका गुण और शक्ति है। विभिन्न चक्रों पर आप विभिन्न प्रकार के आनंद अनुभव करते हैं यह सब महाकाली की देन होती है।

श्री महाकाली दो तरह से कार्य करती हैं। जहां एक ओर हमें उनके प्रेममयी, आनंद एवं खुशी से परिपूर्ण स्वरूप के दर्शन होते हैं, तो वहीं दूसरी ओर अति क्रूर खड्ग और असुरों का वध करने वाले रौद्र रूप के। वे अपने दोनों ही स्वरूपों द्वारा अपनी पवित्र, सरल, विवेकी आत्मसाक्षात्कारी संतानों के हित के लिए कार्य करती हैं।

श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में उपदेशित किया है कि, जब हम अपना आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करते हैं तो श्री महाकाली का प्रकटीकरण आरंभ हो जाता है। महाकाली में शुद्धिकरण की शक्ति है और वे स्वयं आप में पवित्र सती के रूप में रहती हैं। वही कुंडलिनी हैं, वही श्री महाकाली शक्ति हैं।

स्त्रियों में श्री महाकाली शक्ति अपने शांत स्वरूप में शालीनता का गुण प्रकट करती हैं। श्री माताजी के अनुसार, जब तक शालीनता स्त्री में कार्यान्वित नहीं होती तब तक गृहलक्ष्मी की शक्ति उसके अंदर प्रकटित नहीं होती। आत्म साक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात ध्यान धारणा द्वारा महाकाली की शक्ति जागृत की जा सकती है। जिससे हम बायीं ओर की समस्याओं, भूतकाल के बंधनों से तथा अनेक प्रकार की मानसिक व शारीरिक बाधाओं से सहज में मुक्ति पा सकते हैं।

# सशक्त बालिका, समर्थ राष्ट्रः विकास की नई उड़ान

हर साल 24 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस(नेशनल गर्ल चाइल्ड डे) मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसरों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह दिन समाज में लड़कियों के प्रति भेदभाव को मिटाने(समाज से लैंगिक भेदभाव को खत्म करने),बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं और कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने और उन्हें समाज में समान अधिकार दिलाने के लिए समर्पित है। कहना ग़लत नहीं होगा कि लड़कियों को समान अवसर देकर ही समृद्ध, सुरक्षित और समतावादी समाज बनाया जा सकता है। वास्तव में,यह दिन हमें याद दिलाता है कि आज की बालिका ही देश का उज्जवल भविष्य है। बहुत कम लोग जानते हैं कि यह दिन 24 जनवरी को इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1966 में इंदिरा गांधी ने भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह महिलाओं की शक्ति और नेतृत्व का प्रतीक है। वास्तव में इस दिवस को मनाने की शुरुआत सबसे पहले वर्ष 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी।हरियाणा के एक छोटे से गांव बीबीपुर (जींद जिला) से शुरू हुआ यह अभियान(सेल्फी विद डॉटर) अब राष्ट्रीय बालिका दिवस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

हर वर्ष इस दिवस की एक थीम रखी जाती है और पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 2025 की थीम एमपावरिंग गर्ल्स फोर आ ब्राइट फ्यूचर यानी कि उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना रखी गई थी। इसमें लड़कियों के कौशल विकास और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया था। इस साल यानी कि वर्ष 2026 के लिए संभवतः केंद्र और राज्य सरकारें बालिकाओं की शिक्षा, कौशल, सुरक्षा, बालिकाओं का डिजिटल सशक्तीकरण और नेतृत्व क्षमता को मजबूत बनाना जैसे संदेश पर फोकस करेंगी, ताकि हर लड़की को अपने सपनों को साकार करने का मौका मिल सके। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन का लापता महिलाएं (मिसिंग विमेन) का सिद्धांत राष्ट्रीय बालिका दिवस की मूल भावना से गहराई से जुड़ा हुआ है। दरअसल, अमर्त्य सेन ने 1990 में एक चौंकाने वाला आंकड़ा दिया कि दुनिया में लगभग 10 करोड़ (100 मिलियन) महिलाएं लापता हैं।

इसका असली मतलब यह है कि अगर समाज में स्त्री और पुरुष को समान स्वास्थ्य, पोषण और अवसर मिलते, तो महिलाओं की संख्या आज की तुलना में 10 करोड़ ज्यादा होती। दूसरे शब्दों में कहें तो अमर्त्य सेन का लापता महिलाएं सिद्धांत सीधे तौर पर उन सामाजिक बुराइयों की ओर इशारा करता है, जिन्हें खत्म करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। सेन के अनुसार, समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और पोषण में कमी के कारण करोड़ों लड़कियां जन्म ही नहीं ले पातीं या समय से पहले मृत्यु का शिकार हो जाती हैं, जिससे जनसंख्या के आंकड़ों में उनकी संख्या पुरुषों के मुकाबले काफी कम हो जाती है। राष्ट्रीय बालिका दिवस इसी लापता होने की प्रक्रिया को रोकने का एक बड़ा संकल्प है, जिसका उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, लड़कियों की शिक्षा सुनिश्चित करना और उनके प्रति समाज की मानसिकता को बदलना है ताकि भविष्य में कोई भी बालिका संसाधनों के अभाव या भेदभाव के कारण समाज के नक्शे से ओझल न हो। यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले साल यानी कि वर्ष 2025 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर वर्ष 2025 का समारोह 22 जनवरी से 8 मार्च 2025 तक चलाया गया था, जिसका समापन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस यानी कि 8 मार्च 2025 को हुआ। पिछले ही साल सुकन्या समृद्धि योजना की भी दसवीं वर्षगांठ मनाई गई थी। गौरतलब है कि यह योजना केंद्र सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के तहत शुरू की गई एक प्रमुख छोटी बचत योजना है, जो बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य, शिक्षा और विवाह के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। आज भारत सरकार और राज्य सरकारें बेटियों और महिलाओं के सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएँ चला रही हैं। इनमें क्रमशः बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ(लड़कियों के जन्म पर सकारात्मक सोच, बचपन में स्वास्थ्य सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए), सुकन्या समृद्धि योजना(बचत योजना),सबला/किशोरी शक्ति योजना(किशोरियों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन कौशल और कौशल प्रशिक्षण को सशक्त बनाने के लिए), प्रगति- तकनीकी शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति (एआईसीटीई-स्कीम),उड़ान योजना (सीबीएसई का मेरिट-आधारित सहायता प्रोग्राम) आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा,ग्रामीण व महिला समुदायों में जागरूकता, प्रशिक्षण और रोजगार-समर्थन के लिए महिला शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। केंद्र सरकार ही नहीं देश के विभिन्न राज्यों में आज बालिकाओं/महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इनमें क्रमशः पश्चिम बंगाल में कन्याश्री प्राकल्प(यह योजना 13ङ्क18 वर्ष की लड़कियों को शिक्षा जारी रखने और विवाह रोकने के लिए वार्षिक छात्रवृत्ति और एक-बार की आर्थिक सहायता प्रदान करती है),मध्य प्रदेश सहित कई राज्य लाडली लक्ष्मी योजना चला रहे हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि यह योजना जन्म से लेकर 21 वर्ष की उम्र तक लड़कियों के लिए जमा/वित्तीय सहायता प्रदान करती है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा को लक्ष्य बनाती है। ओडिशा में खुशी योजना एक अन्य योजना है,जो स्कूल-जाने वाली लड़कियों को निशुल्क सैनिटरी पैड प्रदान कर स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करती है।इसके अलावा ओडिशा में ही सबहद्रा योजना भी चलाई जा रही है,जो 21-60 वर्ष की महिलाओं को प्रतिवर्ष वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली बड़ी महिला-केंद्रित योजना है। वास्तव में यह योजना लड़कियों/महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देती है। इतना ही नहीं,नमो ड्रोन दीदी योजना एक आधुनिक पहल है जिसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं/लड़कियों को कृषि कार्यों के लिए ड्रोन उड़ाने और उनके रखरखाव का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अंत में , राष्ट्रीय बालिका दिवस का मुख्य निष्कर्ष यह है कि समाज में बालिकाओं के प्रति दृष्टिकोण में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। आज बालिकाएं केवल घरेलू सीमाओं तक ही सीमित नहीं रहीं हैं, बल्कि आज वे शिक्षा, खेल, अंतरिक्ष , बैंकिंग, सेना, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी जैसे हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज विभिन्न सरकारी योजनाओं और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से लिंगानुपात में बहुत सुधार हुआ है और बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों में अभूतपूर्व कमी आई है। हालांकि, पूर्ण सशक्तीकरण के लिए अभी भी सुरक्षा, पोषण और उच्च शिक्षा के स्तर पर निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। अंततः, यह दिन हमें संकल्प दिलाने का माध्यम है कि एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब बेटियों को समान अधिकार, सुरक्षा और अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा अवसर मिले।

**-सुनील कुमार महला**

## राजमाता विजया राजेः सादगी, साहस और जनसेवा की अमिट विरासत

राजमाता विजया राजे सिंधिया मिलनसार, स्नेही तथा जनसेवी भावना से ओतप्रोत महिला थीं, साथ ही एक कुशल राजनीतिज्ञ भी थीं। उनकी जनसेवा का प्रभाव देखें उनके नहीं रहने के बाद भी आज भी कई शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सा संस्थान व समाज उपयोगी कार्य अनवरत उनके आशीर्वाद से चल रहे हैं। अपने निजी जीवन में वे बहुत सादगी पसंद थी। लेकिन कर्मठता पूर्वक कार्य उन्होंने ताउम्र ऐसा किया कि उन्हें नजदीक से जानने वाले उनकी अनथक कार्यशैली को देखकर दांतो तले ऊँगली दबा लेते थे। राजमाता विजयाराजे सिंधिया का जन्म मध्य प्रदेश के सागर जिले में हुआ था। उनके पिता ठाकुर ठाकुर महेंद्र सिंह ब्रिटिश हुकुमत में डिप्टी कलेक्टर थे। अल्पावस्था से ही अपने नाना नानी के सानिध्य में रही, जिनके संस्कारों से अभिभूत राजमाता पर बहुत गहरा असर पड़ा।

एक फरवरी 1969 के चुनाव माहौल में जब अटल बिहारी वाजपेई वाराणसी पहुंचे थे तो बेनिया बाग में आमसभा रखी गई थी, जिसमे राजमाता का भी भाषण था। वे जब बोल चुकीं तब बाजपेयी जी भाषण देने खड़े हुए। उनके संबोधन पश्चात प्रथम संवाद के- कहिये सुना आपने राजमाता का भाषण....! कितना ओज है कितनी वेदना है उनके भाषण में! रानजीति के क्षेत्र में है कोई दूसरा, जो इनके साथ तुलना कर सकें। अपने राजमहल के सब सुख छोड़कर वे आज जनता का दुःख बंटाने निकल पड़ी हैं। अटल जी ने भी राजमाता को हमेशा बड़प्पन और सम्मान दिया, उन्होंने तो उनके ऊपर से लेख भी लिखे हैं। राजमाता का आत्मबल काफी ओजता लिये हुये था। वे कोई भी निर्णय लेने और उसे कार्यरूप में परिणित करने में जरा भी नहीं सकुचाती थीं। जनता के हितों के लिये वे किसी भी खतरे का सामना करने के लिये सदा तैयार रहती थीं। जनहित के लिये कितना भी बड़ा त्याग करने के लिए वे तत्पर रहती थीं । इसका एक उदाहरण है। जब ग्वालियर राज्य का विलय भारतीय गणराज्य में हुआ तो उस समय उन्होंने कहा कि हमारा राज्य खत्म हो रहा है जरूर, अपितु जनता के कल्याण के लिये यदि प्रजातंत्र ज्यादा हितकर है तो उसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। जनता के विकास और कल्याण के लिये ही उन्होंने ने राजनीति में कदम रखा।

1965 के आम चुनाव के बाद का मध्य प्रदेश के महाकौशल और विंध्य के क्षेत्र में सूखे के कारण भयंकर अकाल पड़ा था। सो वहां लोगों का जीवन दूभर हो गया था। जिन लोगों की यह जिम्मेदारी थी कि वे ऐसी विकट परिस्थितियों से वहां की जनता को निजात दिलाने का प्रयास करें। उन ऐसे सत्ताधीश भूखीनंगी जनता के समक्ष जाने की बजाय पचमढ़ी की सुरम्य वादियों पर पिकनिक मना रहे थे। तब ऐसी स्थिति को देखकर राजमाता से रहा नहीं गया। और वे अपने स्वास्थ्य और सुखचैन की चिंता किये बगैर उस सूखे और प्रचंड गर्मी में धुंआधार दौरा किया।

**-सुरेश सिंह बैस**

# विपरीत परिस्थितियों में भी भारत की नीतियों का कमाल, भारत समर्थ आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर

निश्चित रूप से यह चमत्कार से कम नहीं है कि वर्ष 2014 के पहले मनमोहन सिंह की कांग्रेस की सरकार के समय भारत विश्व में 11वीं आर्थिक शक्ति में गिना जाता था। 2014 में भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनते ही सबसे पहले आर्थिक मजबूती की नीतियों पर ध्यान देते हुए भारत की अंदरूनी अर्थशास्त्र मरम्मत करते हुए आज 2025 में विश्व की जापान जैसी चौथी आर्थिक शक्ति को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर चौथी महाशक्ति बन गया है। सकल जीडीपी में भारत ने उत्साह जनक वृद्धि करते हुए आश्चर्यजनक रूप से चौथी अर्थव्यवस्था बनने का कम समय में रिकॉर्ड बनाया है और अब तीसरी महाशक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर हैद्य यह भी सर्व विदित है कि भारत अपनी आर्थिक मजबूती के पायदान पर खड़ा होकर एक बड़ी सामरिक शक्ति भी बन गया है.

यह ऐसे समय में भारत ने किया है जब भारत के समक्ष विपरीत परिस्थितियों पहाड़ बनकर खड़ी हुई है ऑपरेशन सिंदूर में सामरिक तौर पर पाकिस्तान को परास्त करते हुए अमेरिका चीन पाकिस्तान तुर्की जैसे देशों का मुकाबला डटकर किया है। भारत ऑपरेशन सिंधु चलते हुए पाकिस्तान के 9 हवाई बेस अड्डों को नष्ट किया है के अलावा 100 आतंकवादियों को मार भी गिराया है ट्रंप ने इस मामले में दबाव डालने का भरपूर प्रयास किया था भारत के कड़े रुख के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने बयान से यू टर्न लेना पड़ा और भारत और पाकिस्तान के बीच से अपना हाथ खींच लिया है। अब भारत में कूटनीतिक तौर पर अपने 60 से अधिक सांसदों को विदेश विभिन्न देशों में अपने सांसदों का दल भेज कर भारत का रुख साफ करने एवं पाकिस्तान की काली करतूत के तहत विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने का पर्दाफास भी किया है। भारत ना सिर्फ चौथी आर्थिक शक्ति बना है बल्कि सामरिक तौर पर अपनी फौज के दम पर पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश को परास्त करते हुए चौथी आर्थिक महाशक्ति बन गया है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत अपनी वर्तमान की आर्थिक नीतियों पर चलते हुए बहुत शीघ्र जर्मन जैसे शक्तिशाली देश को पीछे छोड़ते हुए तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो गया है। भारत सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी भी देश की नियत साफ हो तो वह किसी भी दिशा में सकारात्मक रूप से शांति स्थापना की अच्छी मंशा को लेकर वैश्विक स्तर पर अच्छी छवि बनाकर सिरमौर भी बन सकता है। भारत 142 करोड लोगों के श्रम के हाथों और मजबूत आर्थिक नीतियों के चलते 4000 अरब डॉलर वाला कुल सकल उत्पाद की ताकत के बाद वैश्विक स्तर पर चौथी आर्थिक ताकत बनकर उभरा है। भविष्य में भारत को अपने नागरिकों के श्रम के दम पर बहुत शीघ्र जर्मनी जैसे ताकतवर पश्चिमी देश को पीछे छोड़कर तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वर्तमान में भारत अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे मजबूत हुआ है।

इंटरनेशनल मोनेटरी फंड तथा विश्व बैंक ने भारत की प्रशंसा करते हुए कहा है कि विश्व की दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के लगातार प्रदर्शन के बीच भारत की अंदरुनी अर्थव्यवस्था काफी मजबूत हुई है तथा यह मजबूत अर्थव्यवस्था लगातार जारी रहने की संभावना है। ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात यह बहुत शुभ खबर है कि पाकिस्तान में हमले के बाद इसराइल फ्रांस ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देशों के साथ-साथ खाड़ी के देश भी भारत के सामरिक अस्त्र-शस्त्र खरीदने की होड़ में शामिल हो गए हैं एवं भारत में बने रक्षा उत्पादों को खरीदने की मंशा रखते हैं। भारत को न सिर्फ निर्यात बल्कि देश के लिए उपयोगी आवश्यक वस्तुओं का आयात भी करना होगा तब जाकर हम तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर उन्मुख हो सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब हमें चीन के सामानों का उपयोग ना करके घर में ही उत्पादन बढ़ाकर आर्थिक रूप से चीन को करारा जवाब देकर उसे आर्थिक रूप से परास्त करना है। भारत ने डिजिटल टेक्नोलॉजी को काफी हद तक विस्तृत कर पूरी दुनिया में यह साबित कर दिया है कि डिजिटाइजेशन में भारत बहुत आगे बढ़ गया है और भारत की विशाल जनसंख्या को हमने बोझ बनने ना देकर उसे अपनी शक्ति के तौर पर इस्तेमाल किया है और यही कारण है कि हम अपने निरंतर आर्थिक सुधारो तथा ग्रामीण क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व परिवर्तन कर देश को एक नया सकारात्मक आकार दिया है। वैश्विक स्तर पर भारत के चौथी महाशक्ति बनने के साथ-साथ एक स्वर्णिम अध्याय भी शुरू हुआ है। भारत की नीति आयोग की आवश्यक मीटिंग में इस बात को उजागर किया गया है एवं इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के उपलब्ध कराये हुए डेटाबेस के आधार पर भारत चौथी आर्थिक महाशक्ति के पद पर काबिज हो गया है उल्लेखनीय है कि भारत के पहले बाहुबली अमेरिका भारत का परंपरागत विरोधी चीन और जर्मनी मौजूद हैं। 2014 के पहले यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय भारत विश्व की 11वीं आर्थिक शक्ति बना था इसके पश्चात नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में भारत को गुलाम रखने वाले देश ब्रिटेन को पीछे छोड़कर पांचवी आर्थिक शक्ति का पद हासिल किया था। भारत में स्वतंत्रता के बाद से आर्थिक सामाजिक वैज्ञानिक तथा स्वास्थ्य सेवाओं में भारी वृद्धि कर एक सकारात्मक विचारों वाली सरकार को आगे बढ़ाया था। भारत में 1947 के बाद धीरे-धीरे वृद्धि की और अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को सदैव शांति के पक्ष में रखकर आक्रमण न करने की नीति को अपनाया था। 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार ने आर्थिक नीतियों पर ज्यादा जोर देते हुए नई-नई नीतियों तथा विदेशी शक्तियों से हाथ मिलाकर आयात निर्यात को बहुत ज्यादा बढ़ावा दिया और अपनी जनसंख्या को ताकत बनते हुए घरेलू सकल उत्पाद पर ज्यादा ध्यान देते हुए 2025 तक तीसरे कार्यकाल में यह स्वर्णिम उपलब्धि प्राप्त की है। गौरतलाप है कि 1947 में भारत के साथ पाकिस्तान भी स्वतंत्र हुआ था किंतु पाकिस्तान अपनी आतंकवादी काली करतूत के कारण भुखमरी का कगार पर खड़ा है एवं उसके अस्तित्व के संकट के बादल सर पर मंडरा रहे हैं वह भीख का कटोरा लेकर दर-दर घूम रहा है परंतु उसे कोई उधार देने को भी तैयार नहीं है। इन परिस्थितियों में जब ट्रंप की नई सरकार ने सभी देशों पर भारी टैरीफ लगाने नीति अपनाई है जिसके परिणाम स्वरूप यूरोपीय देश भी उससे अलग होने की जुगत में लगे हुए हैं। परिस्थितियों को देखते हुए कोई शक नहीं जब भारत बहुत जल्द तीसरी महाशक्ति बनेगा एवं अपनी सामरिक शक्ति के साथ पूरे विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता प्राप्त कर सकता है।

**-संजीव ठाकुर**

# बढ़ती अविवाहित प्रवृत्ति और मानसिक स्वास्थ्य : एक गंभीर विमर्श

शादी का बंधन केवल दो लोगों का मिलन नहीं, बल्कि एक संवेगात्मक सम्बल का साधन है। कुछ लोग जीवन भर अविवाहित रहकर किसी विशेष कार्य के लिए स्वयं को समर्पित कर देते हैं। अविवाहित लोग अपने जीवन में अकेलापन महसूस करते हैं, जो मानसिक समस्याएं पैदा करने लगता है। शादीशुदा जीवन में परिवार व बच्चों का साथ भी व्यक्ति की मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। अविवाहित लोगों में अकेलापन, सामाजिक दबाव व रिश्ते बनाने में कठिनाई जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आती हैं। शोधों के अनुसार शादीशुदा लोगों में तनाव व अवसाद का स्तर अविवाहित लोगों की अपेक्षा कम होता है। अविवाहित लोगों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम अधिक होता है।

जीवन में अकेली महिलाओं पर शोध दर्शाते हैं कि महिलाऐं स्वास्थ्य समस्याओं, गंभीर चोट, दुर्घटना तथा समायोजन संबंधी कठिनाइयों से जूझती है। उन्हें आर्थिक रूप से प्रतिकूल स्थिति का भी सामना करना पड़ता है। अधिकांश अविवाहित महिलाऐं यौन उत्पीड़न के भय से ग्रस्त रहती हैं जिससे उन्हें कई मनोवैज्ञानिक बीमारी, निराशा, दुश्चिंता, उदासी, अवसाद विकार व अलगाव की भावना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी की एक स्टडी के अनुसार विवाहित लोगों की तुलना में सिंगल लोगों में दिल की बीमारियों का खतरा 5त्न ज्यादा होता है।

विश्व में लगभग 47.35 मिलियन पुरुष तथा महिलाओं लगभग 41.81 मिलियन अविवाहित है। पिछले दो दशकों में अविवाहित व्यक्तियों की संख्या लगभग 21 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 35 प्रतिशत हो गई है। एक सर्वे के अनुसार लगभग 23त्न युवा शादी नहीं करना चाहते हैं। 2019 में पुरुषों की लगभग 26.1त्न तथा महिलाओं की लगभग 19.9त्न आबादी शादी नहीं करना चाहती थी। एक तरह से देश के एक चौथाई से ज्यादा युवा लड़के-लड़कियां शादी नहीं करना चाहते। सरकार की एक रिपोर्ट (2019) के अनुसार शादी न करने वाले युवाओं की सबसे अधिक संख्या जम्मू और कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में दर्ज की गई है।

अविवाहित व्यक्तियों का मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति अलग पाया गया है जहाँ कुछ को अकेलापन व अवसाद का खतरा होता है, वहीं कुछ मजबूत सामाजिक नेटवर्क, स्वतंत्रता व व्यक्तिगत विकास से बेहतर महसूस करते हैं।

एक बात स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह लेख गृहस्थ जीवन में रहने वालों को ध्यान में रखकर लिखित है। बैराग्य धारण करने वालों साधू संतो के लिए अविवाहित जीवन परम आनंद दायक व उत्तम मानसिक स्वास्थ्य का साधन होता है क्योंकि उनकी जीवनशैली, दिनचर्या, सोच विचार, अपेक्षाऐं, इच्छाऐं सामान्य व्यक्ति से अलग होता है।

मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं- अकेलापन- जीवनभर अकेले रहने से अकेलापन महसूस होता है, खासकर जब आसपास के लोग शादीशुदा हों। परिवार का एकांकी होना। अस्वस्थ होने पर देखभाल हेतु लोगों के उपलब्ध न होने पर अविवाहित की स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

सामाजिक दबाव- समाज द्वारा अविवाहित होने पर दबाव देना आम बात है क्योंकि अविवाहित रहना सामाजिक मानक के खिलाफ है जिससे सामाजिक दबाव होता है कि शादी कर लें। जिससे व्यक्ति खुद को अलग-थलग समझने लगता है।

रिश्तों की चिंता- एक समय के बाद खास कर माता पिता के मृत्यु हो जाने पर कोई साथी न मिलने या गलत साथी मिलने की चिंता सताने लगती है। उम्र ढलने के साथ मित्र व रिश्तेदारों से भी सम्पर्क कम होने लगता है जिससे चिंता और बढ जाती है।

आत्म-सम्मान में कमी- अकेलापन व सामाजिक दबाव के कारण अविवाहित लोगों के आत्म-सम्मान में कमी आने लगता है जिससे नकारात्मकता बढने लगती है।

अवसाद- लगातार अकेलापन व निराशा की भावना से अवसाद होता है। व्यक्ति अपने रुचिकर कामों में भी अरुचि रखने लगता है उसका जीवन में उम्मीद कम तथा निराशा बढता है। समय रहते इसका प्रबंध न किया जाए तो व्यक्ति में आत्महत्या के विचार आने लगते हैं तथा आत्महत्या का प्रयास भी व्यक्ति कर सकता है।

वचाव- सामाजिक नेटवर्क बनाएं- दोस्तों, परिवार और समान विचारधारा वाले लोगों के साथ मजबूत संबंध बनाएं। लोगों का सहयोग करें ताकि लोग आप की भी सहायता करें।

शौक को पूरा करें- अपने अच्छे शौक की पहचान कर उसे पूरा करें तथा कोई गलत शौक हो तो उसे दूर करने का प्रयास करें। शौक के माध्यम से कौशल विकास करने का प्रयास करें।

व्यक्तिगत विकास- यात्रा करें, डायरी लिखें, संगीत सुने। ऐसे काम करें जो आपको खुशी दें और व्यक्तिगत विकास में मदद करें। अच्छे गुणों की पहचान कर उसे और विकसित करें।

स्वयं- देखभाल- स्वस्थ आहार, पर्याप्त पानी पीऐं, व्यायाम करें और पर्याप्त नींद लें। कैफीन और शराब का सेवन सीमित करें। नियमित दिनचर्या अपनाऐं, हो सके तो सहायक रखें।

सकारात्मक दृष्टिकोण रखने- विवाहित होने के वजाय अविवाहित होने के फायदों पर ध्यान दें। सकारात्मक सोचें, भविष्य के लिए अच्छी योजनाएं बनाऐं। आवश्यकता होने पर सहयोग लेने में संकोच न करें।

दुविधा में न रहें ले स्पष्ट निर्णय- ऐसा पाया गया है कि जो लोग अविवाहित रहने की कमजोर इच्छा शक्ति के साथ आगे बढ़ते हैं उनमें असमंजस और अनिर्णय की स्थिति बनी रहती है जिससे उनमें असुरक्षा की भावना बढ़ती है इसलिए यदि एक बार अविवाहित रहने का निर्णय तो उस पर दृढ़ रहें।

पेशेवर मदद लें- यदि अकेलापन या अवसाद हो तो मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक या काउंसलर से बात करें। वे भावनाओं को समझने और नकारात्मकता से निपटने में मदद करते हैं। विभिन्न एक्सरसाइज से तनाव कम करने में सहयोग दें सकते हैं।

समूह से जुड़ें- अविवाहित लोगों व समान अनुभवों वाले लोगों के समूहों में शामिल होना अच्छे मानसिक स्वास्थ्य में सहायक होता है। अपनी भावनाओं को साझा करने व समझने में आसानी होती है।

शादी का लें निर्णय- अविवाहित यदि अकेले रहने से लंबे समय तक व गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहें हो तो उन्हें एक बार शादी कर लेने का गंभीरता से विचार करके निर्णय लेना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना अविवाहित लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है इसके लिए अपने सामाजिक नेटवर्क को मजबूत करना, दोस्तों और परिवार से जुड़ाव, शौक को पूरा करना महत्वपूर्ण है।

**-डॉ. मनोज कुमार तिवारी**

# रहवासियों के विरोध के बाद पहुंचे बिजली कंपनी कर्मचारी, स्मार्ट मीटर हटाकर लगाए पुराने मीटर

## रहवासियों का आरोप बिना सूचना लगाए मीटर, नाराज हुए रहवासी



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शाजापुर। नगर के वार्ड क्रमांक 25 स्थित द्वारकापुरी कालोनी में शुक्रवार को बिजली कंपनी के स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर विवाद हो गया। स्थानीय रहवासियों के कड़े विरोध के बाद कर्मचारियों को लगाए गए नए स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर दोबारा लगाने पड़े। दरअसल वार्ड क्र. 25 में अधिकांश घरों में अस्थायी बिजली कनेक्शन हैं और सभी मीटर एक ही स्थान पर लगे हुए हैं। रहवासियों का आरोप है कि बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया था, जिससे उनमें नाराजगी फैल गई। द्वारकापुरी कालोनी निवासी प्रदीप गोयल ने बताया कि अस्थायी कनेक्शन होने के कारण पहले से ही 5 हजार से 10 हजार रुपए तक बिजली बिल आ रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि स्मार्ट मीटर लगने से बिल और बढ़ जाएगा। एक अन्य निवासी बंटी नागर ने कहा कि प्रशासन उनके घरों तक बिजली का मीटर लगाने की स्थायी व्यवस्था नहीं कर पाया है, जबकि कई बार शिकायत की जा चुकी है। इधर रहवासियों के विरोध की सूचना मिलने पर बिजली कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन रहवासी स्मार्ट मीटर लगाने को तैयार नहीं हुए।

# नियमों की अनदेखी करने पर देवास आरटीओ की कड़ी कार्यवाही, 10 माह में 296 चालकों के लाइसेंस निलंबित

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्थाओं को सुरक्षित बनाने की दिशा में कई प्रकरणों का निराकरण करते हुए कार्यवाही की गई है। जिसमें अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक कुल 10 माह में आए प्रकरणों पर कार्यवाही कर 296 चालकों के लाइसेंस निलंबित किये गये है। जिसमें मुख्यतः ऐसे वाहन चालक जो शहरी मार्गों एवं व्यस्तम मार्गों पर तय सीमा से अधिक गति से अपने वाहनों तेज गति से दौड़ाते पाए गए, यातायात नियमों का उल्लंघन करते, सिग्नल जंप करने पर, नो पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करने एवं शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए उन चालकों के विरुद्ध आरटीओ अधिकारी द्वारा लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही की गई।

आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, दो पहिया वाहन पर 3 सवारी नहीं बैठना चाहिए, सभी अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने नहीं देना चाहिए, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए, सभी दस्तावेज साथ में रखना चाहिए, शराब का सेवन कर वाहन नहीं चलाना चाहिए, वाहन की नंबर प्लेट एचएसआरपी होना चाहिए, तेज गति से वाहन नहीं चलाना चाहिए।

# कलेक्टर ने जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो एवं शासकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो एवं शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने चापड़ा ग्राम पंचायत में चल रहे हरदा-इंदौर एनएच के कार्य प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से कार्य में आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में होना चाहिए। इस दौरान एनएचएआई के अधिकारियों ने लेआउट के माध्यम सम्पूर्ण जानकारी दी। एनएच के कार्य का अवलोकन कराया गया और कार्य में आ रही समस्याओं से कलेक्टर सिंह को अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर सिंह ने संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्टर सिंह ने ग्राम गुराड़िया कलां में तालाब का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर खेती कर रहे नागरिकों पर दण्ड लगाने संबंधी कार्यवाही के निर्देश संबंधित पटवारी को दिए। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये कि क्षेत्र में बने कोल्ड



स्टोरेज व गोदाम से समय पर डायवर्जन शुल्क लें। कलेक्टर श्री सिंह ने चापड़ा में मुख्य चौराहे का निरीक्षण कर चौराहे पर ड्रेनेज सिस्टम ठीक करने के निर्देश दिए, जिससे पानी ना भर पाए। उन्होंने चौराहे पर लेफ्ट टर्न से अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए, जिससे चौराहा बड़ा बन सके तथा दुर्घटना से बचा जा सके। कलेक्टर सिंह ने सीईओ जनपद को चौराहे पर बने पुराने सुलभ शौचालय को हटाने के निर्देश देकर नया शौचालय बनाने के लिए कहा। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि नाले पर बने सभी अतिक्रमण को हटाया जाए।

कलेक्टर सिंह ने चापड़ा ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरपंच श्री नाथू सिंह सेंधव द्वारा पंचायत में किए गए कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर सिंह ने पंचायत भवन में उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से चर्चा की एवं ''संकल्प से समाधान'' अभियान की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का आवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने सरपंच नाथू सिंह सेंधव द्वारा किए गए कार्यो की सराहना भी की। कलेक्टर सिंह ने पंचायत भवन के पास बने तालाब का निरीक्षण किया और तालाब से गाद निकालने तथा तालाब के उपर से निकल रहीं विद्युत लाईन को हटाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सिंह ने ग्राम पंचायत ननासा में पीएचई विभाग की पानी की टंकी निरीक्षण किया। इस दौरान पानी का पीएच एवं कठोरता की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि पानी की शुद्धता 6.5 से 8.5 के बीच है, जोकि शुद्ध एवं पीने योग्य है। कलेक्टर सिंह ने ग्राम पंचायत ननासा की बाल वाटिका एवं रेशम केन्द्र का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर सिंह ने बरवाईखेडा एनएचएआई टोल प्लाजा पर उपलब्ध एम्बुलेंस का निरीक्षण किया, एम्बुलेंस में क्या सुविधा है इसकी जानकारी ली। यदि कोई दुर्घटना हो जाती तो टोल फ्री नम्बर 1033 पर कॉल कर परीक्षण भी किया गया कि एम्बुलेंस को आने में कितना समय लगता है।

कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान खातेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान कार्ड केंद्र, आपातकालीन वार्ड, मैटरनिटी वार्ड, एनबीएसयू यूनिट, पीएनसी वार्ड, कोल्डचेन रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और परिजनों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधा की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने एनआरसी वार्ड का निरीक्षण कर एनआरसी में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में माताओं से जानकारी ली। एनआरसी में भर्ती बच्चों का किस प्रकार ध्यान रखा जाता इसकी जानकारी भी ली गई, जिस पर बच्चों की माताओं द्वारा बताया गया कि यहां पर देख भाल अच्छी की जाती हैं। कलेक्टर सिंह ने अस्पताल में चल निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया और कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# एक दिवसीय बाढ़ आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल का आयोजन किया गया



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एक दिवसीय बाढ़ आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल का अभ्यास मीठा तालाब देवास में किया गया। मॉकड्रिल में पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन और जिला प्रशासन की टीम, एन.सी.सी कैंडीडेट्स शामिल थे। प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन उपकरण की प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया एवं बाद भूकंप अग्नि सुरक्षा बज्रपात से संबंधित ब्रोशर का वितरण भी किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट ने मॉकड्रिल के परिदृश्य की जानकारी देते हुए बताया कि अचानक मीठा तालाब का जल स्तर बढ़ने से टापू पर 03 व्यक्तियों के फंसने की सूचना कंट्रोल पुलिस रूम से सूचना प्राप्त होने पर रेस्क्यू ऑपरेशन एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड की टीम द्वारा संचालित किया गया। फंसे हुए 03 व्यक्तियों को लाइफ जैकेट लाइफ, लाइफ रिंग, रस्से एवं मोटर बोट द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया। 02 व्यक्ति गंभीर थे, जिन्हें जिला अस्पताल की एंबुलेंस के माध्यम से तत्काल हॉस्पिटल पहुंचाया गया एवं 01 व्यक्ति को मौके पर फर्स्टएड दिया गया।

# सरस्वती पूजन के साथ निकला पथ संचलन



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में मां सरस्वती के पूजन के अवसर पर दुपाड़ा मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर ने पथ संचलन निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल परिसर में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। स्कूल के शिक्षकों, शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की आराधना कर उनसे ज्ञान का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद हायर सेकेंडरी मैदान से पथ संचलन शुरू हुआ, जो शहर के विभिन्न रास्तों से होकर गुजरा। पथ संचलन के दौरान अनुशासन देखते ही बन रहा था। छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा और भगवा ध्वज लेकर कतारबद्ध तरीके से चल रहे थे। पूरे रास्ते विद्यार्थी भारत माता की जय और नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहें के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। यह रैली बस स्टैंड, फव्वारा चौक, नई सड़क, आजाद चौक और सोमवारिया बाजार जैसे प्रमुख रास्तों से होती हुई वापस स्कूल पहुंची।

नगरवासियों ने बरसाए फूल- पथ संचलन में अनुशासन के साथ चल रहे विद्यार्थियों का यह दल शहर के अलग-अलग इलाकों से गुजरा, नगरवासियों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया और बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। पूरे शहर में देशभक्ति का वावतावरण देखने को मिला। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देशप्रेम, अनुशासन और अपने संस्कारों के प्रति जागरूकता पैदा करना था। पथ संचलन के वापस स्कूल पहुंचने पर सभी ने मिलकर सामूहिक राष्ट्रगान गाया। इस मौके पर स्कूल का पूरा स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। देशभक्ति के गीतों और नारों के बीच यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# 54 हिंदू जोड़ों ने लिए सात फेरे व 27 मुस्लिमों ने पढ़ा निकाह, 81 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सम्मेलन का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी क्रमांक-2 में आयोजित हुआ, जहां कुल 81 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया।

इनमें 54 हिंदू विवाह और 27 मुस्लिम निकाह शामिल रहे। समारोह में नवविवाहित जोड़ों को पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक विधियों के साथ विवाह बंधन में बांधा गया। आयोजन को लेकर वर-वधू और उनके परिजनों में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, नगर निगम महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल और सभापति रवि जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही नगर निगम के अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य सरकार की योजना के तहत नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक सामग्री और आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिससे विवाह समारोह सम्मानजनक ढंग से संपन्न हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक बड़ी सहारा साबित हो रही है।

यह योजना बेटियों के विवाह का आर्थिक बोझ कम करने के साथ सामाजिक सम्मान भी सुनिश्चित करती है। भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसी योजनाएं सामाजिक समरसता को मजबूत करती हैं। वहीं, नगर निगम सभापति रवि जैन ने योजना को संवेदनशील और ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सरकार कन्यादान के माध्यम से परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों में खुशी और संतोष का माहौल नजर आया।

# नर्मदा जयंती के अवसर पर नेमावर में निर्झरणी महोत्सव का आयोजन 25 जनवरी को

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले में नर्मदा जयंती के अवसर पर 25 जनवरी को जिला प्रशासन के सहयोग से संस्कृति विभाग द्वारा नेमावर में निर्झरणी महोत्सव'' का आयोजन किया जायेगा। निर्झरणी महोत्सव के अंतर्गत 25 जनवरी 2026 को सायं 6 बजे से नागरघाट, नेमावर (देवास) में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जायेगी। जिसमें सुश्री शिवानी सोनगरा एवं साथी देवास द्वारा मालवी लोकगायन की प्रस्तुति दी जायेगी। इसके बाद सुश्री वैभवी लांड़गे एवं साथी इन्दौर द्वारा नर्मदा केन्द्रित नृत्यनाटिका की प्रस्तुति दी जायेगी। अंतिम प्रस्तुति भक्ति गायन की होगी, जिसे नर्मदापुरम की युवा गायिका सुश्री सिद्धा सांई एवं ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

# जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर करेंगे झंडावंदन


**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस को जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड देवास में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर ऋतुराज सिंह झंडावंदन कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह प्रातः 9.00 बजे से आयोजित होगा। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रातः 08.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रातः 09.00 बजे मुख्य अतिथि द्वारा झण्डा वंदन, सलामी एवं राष्ट्रगान, 09.08 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, 9.15 बजे मुख्यमंत्री जी के संदेश वाचन, 9.35 बजे परेड (मार्च पास्ट), 09.50 सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.15 बजे झांकियों का प्रदर्शन, 10.40 बजे पुरस्कार वितरण तथा इसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

# जल सुरक्षा अभियान अंतर्गत टंकी और संपवेल की साफ-सफाई किया जा रहा है कार्य



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ''जल सुरक्षा अभियान'' चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत देवास जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की टंकी और संपवेल की साफ-सफाई की जा रही है। कार्यपालन यंत्री अमित सिंह देवास ने बताया कि अभियान में अब तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों के सहयोग से विभिन्न ग्रामों में संचालित नल जल योजना के अंतर्गत 55 टंकी और संपवेल की साफ-सफाई की गई है। इसके साथ ही नल जल योजना स्त्रोतों एवं घरों से पेयजल के सेंपल लिये गये। जल परीक्षण प्रयोगशाला में पानी की जांच की गई है। जांच किये गये पानी के नमूने ठीक पाये गये है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकाय द्वारा पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित जल से होने वाली बीमारी एवं उसके रोकथाम के संबंध में बैठक कर जन-जागरूकता का कार्य भी किया जा रहा है।

# हाईवे पर ट्रक की टक्कर से पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत यादव ढाबे के पास नेशनल हाईवे-52 पर एक सड़क हादसा हो गया। शाजापुर से सुनेरा गांव की ओर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा शुक्रवार शाम करीब 5 बजे का है। ट्राली में भरी सीमेंट की बोरियां सड़क पर बिखर गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर ज्यादा वाहन नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ट्रैक्टर सड़क के बीचों-बीच खड़ा रह गया, जिससे हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनी रही। जिससे हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनी रही। घटना की जानकारी मिलते ही सुनेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने सड़क पर बिखरी सीमेंट की बोरियों को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर मारने वाला अज्ञात ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# बाल विवाह मुक्ति रथ का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों व प्रशासन ने लिया बाल विवाह रोकथाम का संकल्प



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संस्था आस द्वारा बाल विवाह की रोकथाम एवं समाज में कानूनी जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत बाल विवाह मुक्ति रथ का निर्माण किया गया। उक्त रथ का शुभारंभ देवास में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में विधायक गायत्री राजे पवार, महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंशु जावला, महिला एवं बाल विकास विभाग से श्री संदीप किरार (जिला बाल संरक्षण अधिकारी), सुश्री एकता जायसवाल (काउंसलर), सुश्री सीमा यादव (अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति), बाल कल्याण समिति के सदस्यगण तथा संस्था आस से फूलकुंवर राजपूत, जागेंद्र यादव एवं एक्सेस टू जस्टिस परियोजना की समस्त टीम उपस्थित रही। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया। साथ ही उपस्थित अतिथियों द्वारा हस्ताक्षर कर बाल विवाह रोकथाम के लिए संकल्प भी लिया गया। बाल विवाह मुक्ति रथ देवास जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। इस दौरान ग्रामीण समुदाय, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं किशोर-किशोरियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल अधिकारों के संबंध में जागरूक किया जाएगा। साथ ही बाल विवाह की संभावित घटनाओं की समय पर जानकारी संबंधित विभागों तक पहुँचाने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाल विवाह को एक गंभीर सामाजिक कुरीति बताते हुए इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक जिम्मेदारी, जागरूकता एवं जनभागीदारी पर विशेष बल दिया।

# मां सरस्वती को किया प्रणाम, गरिमामय वातावरण में मनाया बसंत पंचमी महोत्सव



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के ग्राम गिरवर स्थित तक्षशिला एकेडमी स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व शुक्रवार को गरिमामय वातावरण में मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चे पारंपरिक वस्त्र पहन शामिल हुए तो शिक्षक-शिक्षिकाएं भी अनुशासन के साथ पर्व मनाने पहुंचे।

इस अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना, पुष्पांजलि एवं सरस्वती वंदना के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को बसंती रंगों से सजाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय एवं उत्सवपूर्ण बन गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित शिक्षकों एवं अतिथियों ने सराहा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं मनोबल वृद्धि के उद्देश्य से खेल-कूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इनमें खो-खो, कबड्डी, चेयर रेस सहित विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक आकाश पांचाल तथा विद्यालय के प्राचार्य शुभम डाबी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, संस्कृति एवं खेल गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# इस वर्ष भी होगा परंपरा का निर्वहन, होली उत्सव समिति का हुआ गठन

## पं. गोविंद शर्मा को मिली संयोजक की जिम्मेदारी, कोषाध्यक्ष बने विश्वकर्मा

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में चली आ रही सनातन परंपरा को इस वर्ष भी सर्व हिन्दू उत्सव समिति द्वारा जारी रखा गया है, जहां आयोजित बैठक में पांच दिनी होली उत्सव धूमधाम व उत्साह से मनाने का निर्णय लिया गया। पर्व के लिए होली उत्सव समिति का गठन भी किया गया। इस वर्ष होली उत्सव समिति संयोजक के पद पर पं. गोविंद शर्मा को मनोनीत किया गया है। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर रोहित विश्वकर्मा को मनोनीत किया गया।

आयोजन को लेकर शुक्रवार को वजीरपुरा स्थित श्री कृष्ण व्यायामशाला में बैठक का आयोजन किया गया। जहां संयोजक पद पर पं. गोविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर



रोहित विश्वकर्मा, सचिव पद पर अंकित अंबावतिया व सह संयोजक के पद पर जीत पारछे के नाम का प्रस्ताव सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर ने रखा। इस पर सर्व हिन्दू उत्सव समिति संरक्षक व दशहरा उत्सव समिति संयोजक दीपक चौहान ने इनका समर्थन किया। जिस पर सभी ने अपनी सहमति दी। बैठक में दशहरा उत्सव 2025 के संयोजक दीपक चौहान ने दशहरा उत्सव का आय-व्यय ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। बैठक में सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास, ट्रस्टी तुलसीराम भावसार, ट्रस्टी गिरीश भावसार, सर्व हिन्दू उत्सव समिति संरक्षक किरणसिंह ठाकुर, महेश भावसार, अनूप किरकिरे, सीताराम पवैया, महेश प्रजापति, मनीष सिसौदिया, गजेन्द्र सिकरवार, कैलाश मटोलिया, महासचिव मनीष सोनी, सत्या वात्रे, सचिव राजेश पारछे, गोविंद नायक, प्रेम यादव, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रजापति, प्रवक्ता धनराज गवली, सूचना संपर्क प्रमुख विष्णु गवली, विनोद जैन, दीपक निगम, अजय सिंह चंदेल, सतीश राठौर, विक्रम कुशवाह, भूपेन्द्र मालवीय, राहुल परमार, दिनेश सौराष्ट्रीय, सुनील सिसौदिया, दिलीप सिंदल, संजय राठौर, नरेन्द्र प्रजापति, चेतन कुशवाह, लवेश शर्मा, अतुल पॉलीवाल, बालकृष्ण यादव, जलज ठाकुर, महेश गवली, प्रदीप देवतवाल, मनीष टेलर, पवन नरवले, विशाल देवतवाल, संतोष परिहार, चिनेश गवली, सुभाष राठौर, चंदन कुशवाह, देवेन्द्र कुशवाह, गणेश गवली, योगेश कुशवाह सहित बड़ी संख्या में सर्व हिन्दू समिति के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजुद थे। बैठक का संचालन सर्व हिन्दू उत्सव समिति के उपाध्यक्ष अनिल मालवीय ने किया।

# किसान कल्याण वर्ष 2026 को मनाने गांवों में पहुंच रहा कृषि रथ योजनाएं बताने

**विदिशा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शमशाबाद तहसील के शमशाबाद में कृषि उपज मंडी में आज कृषि कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एवं इंजी. श्री के.सी.महाजन, शमशाबाद तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल, लीड बैंक से जिला प्रबंधक श्री बी एस बघेल सहित कृषि एवं अन्य विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों ने सहभागिता निभाई। कृषि के साथ मूल्य संवर्द्धन पर भी चर्चा- कृषि शिविर में कृषि वैज्ञानिक श्री महाजन द्वारा बताया गया है कि इस वर्ष को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने के राज्य सरकार के निर्णय बिंदुओं की दी गई जानकारी राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर किसानों के सर्वांगीण विकास, आय में वृद्धि एवं कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न निर्णय बिंदुओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत कृषि उत्पादन बढ़ाने, उन्नत बीज एवं आधुनिक तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, फसल बीमा, प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने सहित किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं से अधिकतम लाभ दिलाने पर विशेष जोर रहेगा। साथ ही श्री महाजन द्वारा कृषकों को वेल्यू एडिशन के संबंध में भी कृषकों को जिन फसलों का बहुतायत संबंधित प्रक्षेत्र में किया जा रहा है से अच्छी आय प्राप्त करने पर भी जानकारियां प्रदाय की गई।

कृषक फार्मर आईडी को प्राथमिकता से बनवाएं - शिविर के दौरान शमशाबाद तहसीलदार महोदया श्रीमती प्रेमलता पाल द्वारा किसानों को अपनी शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनवाने की अपील भी की गई जिससे शासन की विभिन्न हितकारी विभागीय योजनाओं में अपने आवेदन आसानी दर्ज कर उनका लाभ प्राप्त किया जा सके। साथ ही शासन की मंशा को रेखांकित करते हुए योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन एवं लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु किसानों एवं मैदानी अमले को अभिप्रेरित किया गया। तहसीलदार महोदया ने किसानों से योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने, समय पर पंजीयन कराने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। शिविर में कृषकों की समस्याएं भी सुनी गई एवं उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

पशुपालन एवं उद्यानिकी से आय को बढ़ावा - इसके साथ ही कृषि विस्तार अधिकारी श्री अभिषेक जैन द्वारा कृषि के साथ कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता एवं अन्य संबद्ध विभागों के समन्वय से विशेष शिविर, जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे, ताकि किसानों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। श्री जैन द्वारा डेयरी प्लस, पीएमएफएमई, एम पीडीबीटी पर उन्नत कृषि यंत्रों के ऑनलाइन आवेदन इत्यादि की जानकारी कृषकों को प्रदाय की गई साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि कृषक कल्याण वर्ष के माध्यम से राज्य सरकार का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना, खेती की लागत कम करना एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम में श्री बी एस बघेल द्वारा बैंक से संबंधित प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, सायबर फ्रॉड एवं अन्य बैंकिंग सेवाओं की जानकारी कृषकों को विस्तार से दी गई। कृषि रथ कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शमशाबाद नगर परिषद प्रतिनिधि श्री प्रदीप माहेश्वरी , श्री बसंत माहेश्वरी, कृषि विस्तार अधिकारी श्री सत्यम नेमा, श्री विकास शाक्य, श्री लक्ष्मण सिंह गुर्जर, सुश्री संगम रघुवंशी, सुश्री तुलसा, श्री राघवेंद्र अहिरवार, श्री अनिल बघेल, श्री रजत जैन, सुश्री शालिनी रघुवंशी, कृषि उपज मंडी से श्री जगमोहन शर्मा, सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं क्षेत्रीय पटवारी साहिबान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताध्सहायिका उपस्थित रहीं।

# बसंत पंचमी पर उत्साह से किया विद्यालय में मां सरस्वती का पूजन

## विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर नगर के मिड मालवा स्कूल में ज्ञान, संस्कृति और उल्लास से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय परिसर को पीले रंग की सजावट से आकर्षक रूप दिया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें गीत, नृत्य, कविता पाठ एवं भाषण शामिल रहे। विद्यार्थियों ने बसंत ऋतु, शिक्षा और माँ सरस्वती के महत्व को सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया।

संस्था समन्वयक चंचल कदम ने अपने उद्बोधन में कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, कला और नवचेतना का प्रतीक है। यह दिन विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। संस्था संचालक नवीन चौहान ने बसंत ऋतु में होने वाले प्राकृतिक परिवर्तनों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। नृत्य की प्रस्तुति दिव्यांशी राठौर, गुनगुन डोडिया, विधि राठौर, यशस्वी सोलंकी एवं सिया राठौर ने दी वहीं दीक्षा पुरोहित, नैतिका चौहान एवं कोमल देवड़ा ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। शिवम परमार, वेदिका दांगी, कशीश चौहान, प्रीतिका डोडिया, स्नेहा राठौर, गुंजन बामनिया, दीक्षिता सिंगाड एवं अमानी शर्मा ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। संयोजन प्रिया चौहान, संतोषी वर्मा एवं ममता चौहान द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका सुषमा शर्मा, आशीष चौहान, प्रीति बाला राठौड़, तनु प्रिया झाला, स्नेहा पाल एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन एवं आभार विद्यालय की छात्रा क्रमशः जान्हवी चावड़ा एवं नूपुर लववंशी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जीवन रक्षा अभियानः ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रेडियम



**विदिशा / दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत विविध जागरुकता कार्यक्रमों व संदेशों के संप्रेषण कार्य अभियान के रूप में क्रियान्वित किए जा रहे हैं। आज शुक्रवार को मिर्जापुर स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम लगाए गए, जिससे रात्रि के समय वाहनों की दृश्यता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री रोहित कसवानी द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर स्वयं अपने हाथों से रेडियम लगाकर की गई है। इस अवसर पर उन्होंने किसानों एवं वाहन चालकों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का स्वयं पालन कर औरों को प्रेरित करने का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर-ट्रॉली से जुड़ी दुर्घटनाओं की रोकथाम में रेडियम स्ट्रिप्स अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती हैं, क्योंकि ये अंधेरे में भी वाहनों को दूर से स्पष्ट रूप से दिखाई देने में मदद करती हैं। यातायात प्रभारी श्री आशीष राय ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ चालानी कार्रवाई एवं सुरक्षा उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने वाहनों में रेडियम, इंडिकेटर, रिफ्लेक्टर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से लगवाएं, ताकि स्वयं के साथ-साथ अन्य राहगीरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

## वैश्य समाज महिला इकाई खरगोन द्वारा बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया



**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खरगोन में आज बसंत पंचमी के दिन वैश्य समाज महिला इकाई खरगोन द्वारा बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया , इस आयोजन में वैश्य समाज महिला इकाई खरगोन के सभी सदस्यों ने भाग लिया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर कीर्ति जैन ने बताया कि बसंत पंचमी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और ज्ञान, संगीत, और कला की देवी सरस्वती की पूजा के लिए समर्पित है।साथ ही हम सभी मिलकर मकर संक्रांति पर्व भी मना रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेवा सशक्त नारी संगठन ग्रुप खरगोन की अध्यक्ष शुभा खोड़े रही आपने कहा कि मकर संक्रांति पर्व मनाना चाहिए यह हम हिंदुओं का पारंपरिक त्यौहार हैं, इस अवसर पर विशेष अतिथि करणी सेना की प्रदेश अध्यक्ष ममता सोलंकी जी रहे आपने बसंत पंचमी का महत्व बताया और कहां की बसंत पंचमी के दिन सरस्वती देवी की पूजा करना चाहिए पीले रंग के कपड़े पहनना चाहिए और सरस्वती देवी की आराधना करना चाहिए क्योंकि यह ज्ञान और शिक्षा की देवी है इस अवसर पर संगठन में कई नए सदस्य बनाए गए इस अवसर पर पूजा रघुवंशी जी उपस्थिति रही जिन्होंने सभी को बसंत पंचमी और मकर संक्रांति की बधाई दी साथ ही सभी सदस्यों ने मिलकर सरस्वती पूजा करी इस अवसर पर हल्दी की ड्रेस अप का पुरस्कार किरण गुप्ता, कुमकुम का पुरस्कार साधना सातले को ओर पहले आओ पहले पाओ का कुसुम नीमा जी को पुरस्कार दिए और साथ में गेम कराए गए सहभोज लिया जिसमें सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# देपालपुर विधानसभा प्रभारी मोती सिंह पटेल भील बडोली कांग्रेस ग्राम पंचायत अध्यक्ष बने



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देपालपुर विधानसभा के गौतमपुरा ब्लॉक में लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी की मनसाअनुसार मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के निर्देश पर कांग्रेस संगठन को ग्राम पंचायत एवं बूथ स्तर पर मजबूती देने के लिए ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों का गठन किया गया। इस प्रक्रिया के तहत, ग्राम पंचायत फूलान,बहिरामपुर, खरसोडा,तलावली, छड़ोंदा,पाड़लिया, गुड़र रुद्राख्या, चांदनखेड़ी,धर्माट, जलोदिया ज्ञान,गड़ी बिलोदा,गिरोता, पीर नलवासा, फरकोदा, गोकलपुर, सातेर, अत्याना, बछोड़ा, रलायता, मेंढकवास, पितावली, काई, कड़ोदा, करजोदा सुलालाऔर भील बडोली ग्राम पंचायत में देपालपुर विधानसभा सह प्रभारी श्री ऋतुराज चौहान सह प्रभारी सुरेंद्र सिंह ठाकुर सह प्रभारी प्रफुल शर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन चौधरी की उपस्थिति में सभी ग्राम पंचायतों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सहमति से कांग्रेस कमेटियों का गठन किया गया।

विधानसभा सह प्रभारी ऋतुराज सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम पंचायत कमेटी के गठन से बूथ एवं ग्राम स्तर पर कांग्रेस का संगठन मजबूत होगा आने वाले समय में ग्राम पंचायत जनपद जिला पंचायत सहकारिता एवं विधानसभा लोकसभा के चुनाव में संगठन की अहम भूमिका रहेगी। वर्ष 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी एवं 2029 में केंद्र में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी ग्राम पंचायत भील बडोली में इंदौर दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत देपालपुर पूर्व अध्यक्ष किसान कांग्रेस इंदौर,जिला पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष इंदौर जिला कांग्रेस मोती सिंह पटेल ग्राम पंचायत कमेटी के अध्यक्ष बने इस अवसर पर उमराव सिंह मौर्य पूर्व अध्यक्ष इंदौर दुग्ध संघ जीतू दरबार,यशवंत अंजना दरबार सिंह धर्मेंद्र गुर्जर ,सत्यनारायण शर्मा, सुरेश नागर, लाखन जादव,संजय परमार कल्याण सिंह पवार गणेश सरपंच रघुनाथ सिंह मौर्य देवकरण गुर्जर बाबू सिंह पटेल आदि साथ में उपस्थित थे।

# चंबल पेयजल प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिये 15 - 15 दिन की कार्ययोजना बनाएं - सांसद




**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्वालियर शहर की दीर्घकालीन पेयजल आपूर्ति के लिये निर्माणाधीन चंबल पेयजल प्रोजेक्ट के तहत पाइप लाइन डालने के काम में तेजी लाई जाए। चंबल प्रोजेक्ट को गति देने के लिये कार्य एजेंसी को 15 ङ्क 15 दिन की कार्ययोजना बनाकर दें। साथ ही दो शिफ्ट में काम कराया जाए, जिससे शहरवासियों को जल्द से जल्द इस प्रोजेक्ट के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा सके। इस आशय के निर्देश सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की मौजूदगी में आयोजित हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में इस प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को दिए। सांसद श्री कुशवाह एवं मंत्री श्री तोमर ने अमृत 2.0 की प्रस्तावित कार्ययोजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सम्पूर्ण ग्वालियर शहर की सभी बस्तियों की पेयजल व सीवर लाइनों के नेटवर्क का नक्शा तैयार कर प्रस्तुत करें, जिससे इन लाइनों को ध्यान में रखकर सड़कों का निर्माण किया जा सके। सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि सड़क बनाने से पहले सभी तरह की पाइपलाइन डालने का कार्य कर लिया जाए, जिससे अनावश्यक रूप से सड़कों को खोदने की नौबत न आए।

बैठक में सांसद श्री कुशवाह एवं मंत्री श्री तोमर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि अमृत 2.0 के प्रस्तावों को इस प्रकार से अंतिम रूप दें जिससे कार्यों के मूर्तरूप लेने पर शहर की हर बस्ती में पानी पहुँचे। मंत्री श्री तोमर ने कहा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तैयार करने के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति नेटवर्क को भी मजबूत करें। यदि इस काम के लिये पैसों की जरूरत हो तो उसका प्रस्ताव तैयार करें। सभी जनप्रतिनिधिगण साझा प्रयास कर शासन स्तर से धनराशि उपलब्ध करायेंगे। साथ ही कहा कि आज की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर अमृत 2.0 की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि अगले 15 दिन के भीतर विशेष बैठक आयोजित कर इस कार्ययोजना की समीक्षा की जायेगी। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई दिशा की बैठक में अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन उन्नयन कार्य, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तहत निर्माणाधीन सड़कें, ठाठीपुर पुनर्घनत्वीकरण योजना, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, अटल स्मारक, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना एवं एमपी आरडीसी व लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाई जा रहीं सड़कों की समीक्षा भी की गई। बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय व वन मंडला अधिकारी श्री मुकेश पटेल समेत अन्य सदस्यगण व संबंधित अधिकारी मौजूद थे। रेलवे स्टेशन उन्नयन कार्य की धीमी प्रगति पर सांसद श्री कुशवाह ने जताई नाराजगी अमृत भारत योजना के तहत किए जा रहे ग्वालियर रेलवे स्टेशन के उन्नयनीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य की धीमी प्रगति पर सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि रेलवे के डायरेक्टर जनरल ऑफ ऑडिट को लिखित में सूचित करें कि ग्वालियर रेलवे स्टेशन के काम की गति अत्यंत धीमी है। साथ ही गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है और यात्रियों को आने-जाने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। डायरेक्टर जनरल पूरे प्रोजेक्ट की जांच कराकर कार्य को गति दिलाएं। आगरा-ग्वालियर 6 लेन एक्सप्रेस-वे के काम में तेजी लाने पर जोर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रहे आगरा-ग्वालियर 6 लेन एक्सप्रेस-वे के काम में तेजी लाने पर भी सांसद श्री कुशवाह ने विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी उत्तरप्रदेश व राजस्थान के अधिकारियों से समन्वय बनाकर एक्सप्रेस-वे के काम को गति दें। भू-अर्जन की वजह से काम प्रभावित नहीं होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश के हिस्से में इस एक्सप्रेस-वे पर लगभग 90 प्रतिशत भू-अर्जन का काम किया जा चुका है।

## भोजशाला परिसर मे शांतिपूर्ण ढंग से दर्शन, पूजन, हवन और नमाज संपन्न



**धार/ मनीष जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बसंत पंचमी पर्व पर धार के भोजशाला संरक्षित परिसर में शुक्रवार सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर मां वाग्देवी के दर्शन किए। भोजशाला परिसर में हवन पूजन भी लगातार जारी रहा। जिला प्रशासन द्वारा भोजशाला संरक्षित परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए। जिला प्रशासन द्वारा भोजशाला परिसर के पास ही पुलिस कंट्रोल रूम, अस्थाई चिकित्सालय सीसीटीवी मॉनिटरिंग और मीडिया सेंटर जैसी व्यवस्थाएं की गई थीं। संभागायुक्त इंदौर संभाग डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग, कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी ने इस दौरान अन्य अधिकारियों के साथ भोजशाला परिसर का लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन में मुस्लिम समाज की नमाज भी नियत किए गए स्थान पर 1 बजे से 3 बजे के बीच निर्विघ्न संपन्न हुई। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने सभी नागरिकों के धैर्य को सराहा और धन्यवाद देते हुए

## पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव ने पत्रकार आशुतोष पुरोहित की माता के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष पुरोहित की माताजी स्वर्गीय श्रीमती रमा रसिक बिहारी पुरोहित के निधन पर आज प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवास पहुंचे। इस अवसर पर विधायक सचिन यादव ने स्वर्गीय माताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।शोक संतप्त परिजनों से चर्चा करते हुए सचिन यादव ने कहा कि स्वर्गीय रमा रसिक बिहारी पुरोहित एक सरल, धर्मपरायण एवं संस्कारवान व्यक्तित्व थीं, जिनका जीवन परिवार और समाज के लिए प्रेरणादायी रहा। मॉ की स्मृति पुरोहित परिवार द्रवारा रक्तदान शिविर के आयोजन की पहल को यादव ने अनुकरणीय बताया। इस दौरान परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## केदारपुर स्थित बेशकीमती 1.323 हैक्टेयर सरकारी जमीन से हटवाए अतिक्रमण

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये विशेष मुहिम जारी है। इस कड़ी में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर एसडीएम झांसी रोड श्री अतुल सिंह के नेतृत्व में गई राजस्व विभाग की टीम ने शहर से सटे ग्राम केदारपुर स्थित लगभग 1.323 हैक्टेयर बेशकीमती सरकारी जमीन से पुलिस, नगर निगम के मदाखलत दस्ते व मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटवाए। इस जमीन की कीमत लगभग 7 करोड़ रुपए आंकी गई है।

## विनय बाल मंदिर में मना वसंतोत्सव, थाना प्रभारी ने बच्चों को बाल अपराधों के प्रति किया जागरुक



**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के जैतापुर क्षेत्र में संचालित हो रहे विनय बाल मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में वसंतोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सुदर्शन, स्कूल संचालिका श्रीमती कविताअत्रे, प्राचार्य ने वीणा वादिनी, ज्ञान की देवी सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बच्चां को वसंतोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति देकर सरस्वती वंदना की।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुदर्शन ने विद्यार्थियों को सायबर क्राइम और बाल अपराधों के प्रति जागरुक एवं सतर्क करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव रहने के बजाय किताबों को समय दें। किताबी ज्ञान हमेशा याद रहेगा, जबकि सोशल मीडिया का ज्ञान पलभर में बदलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में फ्रॉड के नए- नए तरीके अपनाए जा रहे है। इसलिए सोशल मीडिया पर कम से कम तस्वीरें अपलोड करें। परिजनों को यदि कोई डिजीटल अरेस्ट जैसा कॉल जाए तो परिजनों को सावधान करें। यह फर्जी कॉल होते है। पुलिस ऐसा कोई कॉल नही करती। संचालक अत्रे ने कहा कि विद्या और बुद्धि की देवी माँ सरस्वती की कृपा से ही अज्ञानता का अंधकार दूर होता है। बसंत पंचमी का यह त्योहार हमें जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और निरंतर सीखने की प्रेरणा देता बसंत के आगमन के प्रतीक के रूप में विद्यालय को पीले फूलों से सजाया गया था।

# शास, महा विद्या कसरावद में बसंत पंचमी एवं नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई



**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय महाविद्यालय कसरावद में बसंत पंचमी एवं महान क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा एवं गरिमा के साथ बनाई गई कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की उपासना के साथ नेताजी के विचारों का स्मरण कर राष्ट्रीय चेतना के प्रति देश भक्ति के रूप में जागृत करने वाले देव तुल्य को पुष्प पाल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश ठाकुर अपने प्रेरणादाई अनुशासित एवं छात्र हितेषी व्यक्तित्व का परिचय देते हुए अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान संस्कार और नव चेतना का प्रतीक पर्व है जबकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस त्याग और राष्ट्रीय सेवा का आदर्श उदाहरण है उन्होंने विद्यार्थियों से नेताजी के नवनिर्माण संघर्ष एवं शिक्षा को राष्ट निर्माण से जोड़ने का आह्वान किया।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस अनुशासन और राष्ट्रीय सेवा का आदर्श उदाहरण है अपने प्रेरणादाई अनुशासित एवं छात्र व्यक्तित्व के माध्यम से उन्होंने राष्ट निर्माण में एवं स्वतंत्रता आंदोलन में एक अपनी अलग भूमिका निभाई महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एवं इतिहासकार डॉ विजय सिंह मंडलोई ने कहां की भारत देश त्योहारों की एवं पर्वों की भूमि है यह प्रत्येक त्योहारों के पीछे कोई ना कोई प्राकृतिक सांस्कृतिक और अध्यात्मिक संदेश छिपा होता है ऐसे ही महत्वपूर्ण पर्वों में बसंत पंचमी का विशेष स्थान है यह त्योहार केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत देता है बल्कि ज्ञान विज्ञान कला और सृजनातीलता का भी उत्सव है बसंत पंचमीका सबसे प्रमुख महत्व ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा से जुड़ा हुआ है यह परंपरा बताती है कि शिक्षा का शुभारंभ बसंत पंचमी में अत्यंत मंगल कारी माना जाता है यह प्रकृति हमें सिखाती है कि परिवर्तन जीवन का नियम है और ठंड ऋतु के बाद बसंत आता है बसंत पंचमी केवल एक पव पर्व नहीं बल्कि ज्ञान संस्कृति और जीवन में नव चेतना का उत्सव है उन्होंने नेताजी के विभिन्न संघर्ष एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमि के बारे में उनकी भूमिका के बारे में विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में डॉ बी आर राजपूत द्वारा भी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर अपने विचार प्रस्तुत किये कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ विजय सिंह मंडलोई द्वारा किया गया कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर मनोज कछ्वाय ने बसंत पंचमी एवं सुभाष चंद्र बोस के जीवन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को विद्यार्थियों को साझा किया एवं कार्यक्रम का आभार उनके द्वारा माना गया कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ शोभाराम सोलंकी डॉ विजय सिंह मंडलोई डॉ आर राजपूत एवं महा विद्यालय विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास क्रमांक-5 का किया औचक निरीक्षण

## रात्रि में छात्रावास में निवास न करने पर अधीक्षक तत्काल प्रभाव से निलंबित

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा झाबुआ नगर में स्थित जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास क्रमांक-5 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की व्यवस्थाओं, छात्रों की सुविधाओं एवं अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति की गहन समीक्षा की गई।




निरीक्षण के समय अधीक्षक छात्रावास में अनुपस्थित पाए गए। छात्रावास में निवासरत छात्रों द्वारा भी अवगत कराया गया कि अधीक्षक रात्रि के समय छात्रावास में निवास नहीं करते। लगातार संपर्क किए जाने के उपरांत लगभग एक घंटे बाद अधीक्षक मौके पर उपस्थित हुए। कलेक्टर द्वारा पूछे जाने पर अधीक्षक ने स्वयं स्वीकार किया कि वे रात्रि में छात्रावास में निवास नहीं करते। उक्त गंभीर लापरवाही को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अधीक्षक के छात्रावास में निवास न करने की स्थिति में संबंधित बीईओ (खंड शिक्षा अधिकारी) को भी नोटिस जारी किया जाए। इसके अतिरिक्त क्षेत्र संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग श्री अरुण मिश्रा को मौके पर बुलाए जाने पर जानकारी प्राप्त हुई कि वे अनाधिकृत रूप से मुख्यालय से अनुपस्थित थे। इस पर कलेक्टर ने उन्हें भी नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि छात्रावास में छात्रों के वेलफेयर हेतु फ्रिज, वाशिंग मशीन, कंप्यूटर सिस्टम एवं ई-क्लासेस हेतु पैनल जैसी सामग्री क्रय की गई है, किंतु कई माह बीत जाने के बावजूद इन सामग्रियों का इंस्टालेशन नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि समस्त क्रय की गई सामग्रियों का तत्काल इंस्टालेशन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही छात्रावास को प्राप्त बजट के उचित उपयोग की जांच हेतु स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कड़े शब्दों में कहा कि छात्रावास को प्राप्त होने वाला बजट पूर्णतः जनजातीय बच्चों के कल्याण के लिए है तथा उसका शत-प्रतिशत उपयोग उन्हीं के हित में किया जाना चाहिए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समस्त निर्देशों के पालन उपरांत 10 दिवस के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रों से संवाद भी किया। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी सुचारू रूप से करने, भविष्य के करियर पर फोकस बनाए रखने, समयबद्ध अध्ययन हेतु शेड्यूल बनाने, तनावमुक्त रहकर अध्ययन करने एवं आत्म-प्रेरणा बनाए रखने की समझाइश दी। साथ ही छात्रों को भोजन समिति का गठन कर भोजन मेन्यू की नियमित मॉनिटरिंग करने की सलाह दी। छात्रों द्वारा खेलकूद सामग्री की मांग किए जाने पर कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल शतरंज (चेस बोर्ड) उपलब्ध कराया गया।

सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग के प्रशिक्षण हेतु भोपाल प्रवास पर होने के कारण परियोजना अधिकारी, आईटीडीपी श्री आर.एस. बामनिया को कलेक्टर द्वारा समस्त निर्देशों के प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री आर. एस. बघेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 22 जनवरी 2026 को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिकाओं के लिए विशेष करियर मार्गदर्शन, कौशल विकास एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन वन स्टॉप सेंटर, झाबुआ में किया गया। कार्यक्रम में जिले की 70 बालिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान झाबुआ आई.टी.आई. से श्रीमती पूनम चौरसिया द्वारा बालिकाओं को शिक्षा, डिजिटल कौशल, शासकीय छात्रवृत्ति योजनाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कौशल विकास से जुड़े स्थानीय संसाधनों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने प्रेरणादायी महिलाओं एवं युवतियों के अनुभव साझा करते हुए बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की परामर्शदाता सुश्री रानू राठौर द्वारा बाल विवाह की रोकथाम संबंधी जानकारी प्रदान की गई एवं वन स्टॉप सेंटर की योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सहायक संचालक श्रीमती वर्षा चौहान, आई.टी.आई. झाबुआ से श्रीमती पूनम चौरसिया, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती लीला परमार सहित महिला एवं बाल विकास विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत करडावद बड़ी में आनंद उत्सव कार्यक्रम आयोजित



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश आनंद संस्थान, भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में 14 जनवरी से 28 जनवरी 2026 तक आनंद उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 23 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत झाबुआ अंतर्गत ग्राम पंचायत करडावद बड़ी में आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों, पंचायत कर्मियों एवं शिक्षकों द्वारा रस्साकसी प्रतियोगिता में सहभागिता की गई। वहीं हाई स्कूल करडावद बड़ी के छात्र-छात्राओं ने चेयर रेस, कबड्डी, रस्साकसी, खो-खो सहित विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर श्री मुकेश करुवा, आनंद विभाग के जिला अधिकारी एवं उपसंचालक श्री पंकज सांवले, सहायक नोडल आनंद विभाग श्री जगदीश सिसोदिया, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री प्रियंक पाटीदार, ग्राम पंचायत करडावद बड़ी के सचिव श्री बदिया मेडा, मोबिलाइज़र तथा हाई स्कूल करडावद बड़ी के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणजनों एवं विद्यार्थियों में सामूहिक सहभागिता, आनंद एवं सकारात्मकता का वातावरण निर्मित हुआ।

# कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वास्थ्य सेवाओं के लिए टीम का सामाजिक रूप से मजबूत होना और एक बेहतर प्रशासनिक ढांचा तैयार करना आवश्यक है। आंकड़ों के बजाए व्यावहारिक धरातल पर सुधार दिखना चाहिए। उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की बैठक में दिए गए निम्नलिखित निर्देश- 1. गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन और जाँच के सम्बंध में निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में महिलाओ प्रथम त्रैमास पंजीयन छूटना नहीं चाहिए। यदि समग्र या अन्य दस्तावेजों की समस्या है, तो एएनएम स्वयं जाकर उसे हल करवाएं। हर गर्भवती महिला का समय पर चिन्हांकन, रजिस्ट्रेशन, 04 एएनसी (प्रसव पूर्व जाँच) और कम से कम एक सोनोग्राफी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उच्च जोखिम और गंभीर एनीमिया वाली महिलाओं के लिए आयरन और फोलिक एसिड का उचित प्रबंधन किया जाए। 2. जन्म के तुरंत बाद वन स्टॉप सुविधा के संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी प्राथमिक एवं उप केंद्रों पर जन्म के तुरंत बाद ही नागरिक सुविधाएं जैसे जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार पंजीयन, सुकन्या समृद्धि योजना और लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ एक ही स्थान पर दिया जाए,इसकी व्यवस्था की जाए। 3. कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि दूरस्थ क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए डिलीवरी पॉइंट्स बढ़ाए जाएं। व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए मानव संसाधन की व्यवस्था करें। 4. मातृ मृत्यु दर की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिन केंद्रों पर ऐसी घटनाएं हुई हैं, वहां के कारणों के विश्लेषण करने के निर्देश दिए।

# घर के नजदीक ही मिलेगा बेहतर इलाज - विधानसभा अध्यक्ष

## विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने किया मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का शुभारंभ

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरकार की पहली प्राथमिकता है कि आमजन को बेहतर इलाज घर के नजदीक ही मिले इसके लिए प्रत्येक वार्डों में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक खोले जा रहे हैं। आदित्यपुरम में संजीवनी क्लीनिक बनने से क्षेत्र के नागरिकों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए दूर नहीं जाना पडेगा।



आदित्यपुरम सहित अन्य नजदीकी बस्तियों के निवासियों का घर के नजदीक ही बेहतर निशुल्क इलाज होगा। साथ ही कई प्रकार की जांचे भी निशुल्क होंगी। इस आशय के विचार मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज वार्ड 18 के अंतर्गत आदित्यपुरम कॉलोनी में 75 लाख से बनाई गई मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किए। संजीवनी क्लीनिक के शुभारंभ के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जय प्रकाश राजौरिया, पार्षद श्रीमती रेखा त्रिपाटी, श्रीमती ममता शर्मा, श्रीमती मंजुलता कुशवाह सहित श्री अशोक जैन, श्री जबर सिंह, श्री मुलायम सिंह यादव, श्री रामप्रकाश परमार, श्री हरिओम झा सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि बंसत पंचमी के शुभअवसर पर मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का शुभारंभ हो रहा है। यह सरकार की बड़ी योजना है। दरअसल यह सब को स्वास्थ्य उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा प्रयास है।

सरकार हर व्यक्ति को स्वस्थ देखना चाहती है। वार्ड स्तर पर ही लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके इस दिशा में यह बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा की दृष्टि से ग्वालियर में बहुत सुविधायें बडी है। मुरार में जिला अस्पताल के साथ ही प्रसूतिगृह का जीर्णोद्धार कर सुविधायें बडाई हैं, इसके साथ ही हजीरा सिविल अस्पताल एवं बिरला नगर प्रसूतिगृह का भी जीर्णोद्धार हुआ हैं, जिनका लाभ क्षेत्रीय नागरिकों मिल रहा है। साथ ही पहले बडा अस्पताल 600 बेड का था जिसे 1000 बिस्तर का बनाया गया है, जहां हजारों मरीजों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से आरोग्य सदन अस्पताल मिला जिसमें किसी प्राइवेट अस्पताल से कम खर्च में बेहतर इलाज मिल रहा है। अब गोले का मंदिर पर आरोग्य सदन का सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनने जा रहा है, जिसका लाभ पूरे क्षेत्र को मिलेगा। साथ ही कहा कि आयुष्मान योजना में 5 लाख तक का निशुल्क इलाज मिल रहा है, जिस कारण आमजन के हजारों रूपय की बचत हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया बरसात से पहले जल निकासी की उचित व्यवस्था करें तथा खराब हुई सडकों को बनाने का कार्य भी करें। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने संजीवनी क्लीनिक पर पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि संजीवनी क्लीनिक से गरीब एवं जरूरतमंदो को इलाज तो मिलेगा ही, इसके साथ ही सरकार द्वारा विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं, जिससे आमजन को उसका भी लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से स्वदेशी बस्तुओं को अधिक से अधिक अपनाने का अनुरोध किया।

# आपरेशन सिंदूर ने भारतीय सेना के पराक्रम के परचम को विश्व भर में लहराया था- छात्रा रागिनी भायल




**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, बड़वानी के प्रभारी प्राचार्य कुन्दन राठोर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय पराक्रम दिवस और आपरेशन सिंदूर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के कुल दस विद्यालयों द्वारा प्रतिभागिता की गई । जिसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बड़वानी से अनुरक्षक शिक्षक के रूप में जगदीश गुजराती, एकलव्य मॉडल स्कूल बड़वानी से रविशर्मा, कन्या शिक्षा परिसर बड़वानी से श्री गोवर्धन राठौड एवं बी.एल. मुलेवा, कन्या हाई स्कूल बड़वानी से सुनील नरगावे एवं अनिता जोशी, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कारंजा बड़वानी से शाहीन बालोच, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 बड़वानी से राजपाल सिंह तोमर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरलाय बड़वानी से जयश्री मुकाती, सांदीपनि विद्यालय सजवानी सेवंदना दवे, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी से श्रीमती आभा जैन आदि उपस्थित थे । इन विद्यालयों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी के कक्षा 11वीं के छात्र चंद्रशेखर सागर को, द्वितीय स्थान कक्षा 11वीं के छात्र आदिश जैन को एवं तृतीय स्थान एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बड़वानी क्रमांक.1 के कक्षा 11 वीं के छात्र राजीव सिंह जादौन को एवं शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. वि. क्र 1 बड़वानी से कक्षा 9 वीं के छात्र उत्कर्ष चौहान रहे है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया । प्रतिभागियों ने 'परीक्षा पे चर्चा ' महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत ऑपरेशन सिन्दूर थीम पर प्रतिभागी विद्यार्थियों ने वस्तुनिष्ट प्रश्न हल करके राष्ट के लिए पराक्रम के महत्व को जाना। इस मौके पर प्रतिभागी छात्रा रागिनी भायल ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से यह जाना कि ' यह प्रतियोगिता''आपरेशन सिंदूर ने भारतीय सेना के पराक्रम के परचम को विश्व भर में लहराया था''।यह भारतीय सेना के साहस, रणनीतिक अभियानों एवं राष्ट्रीय गौरव के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता और सम्मान की भावना विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल रही।

# पेडल्स फॉर प्रोग्रेस के तहत सरकारी स्कूलों के 50 छात्र-छात्राओं को वितरित की रेंजर साइकिलें

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आईएससीआई फाउंडेशन ने अपने पेडल्स फॉर प्रोग्रेस अभियान के तहत ग्वालियर के आठ शासकीय विद्यालयों के 50 छात्र-छात्राओं को रेंजर साइकिलें वितरित कीं। ट्रेलिक्स इंडिया के साथ सीएसआर साझेदारी में आयोजित यह कार्यक्रम शिंदे की छावनी स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें अतिथियों और संस्था के सदस्यों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। वितरित की गई 50 साइकिलों में से 25 साइकिलें उन विद्यार्थियों को दी गई, जो आर्थिक तंगी या घर से स्कूल की अधिक दूरी के कारण आवागमन की गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे थे। वहीं, शेष 25 साइकिलें एक विशेष नॉलेज ओलंपियाड के माध्यम से मेधावी छात्रों को प्रदान की गईं। उल्लेखनीय है कि यह ओलंपियाड पारंपरिक विषयों जैसे गणित या विज्ञान पर आधारित न होकर सड़क सुरक्षा, महिला अधिकार और प्राथमिक उपचार जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर केंद्रित था, जिसके माध्यम से संस्था ने बच्चों के बीच जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। यह समारोह सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरिओम चतुर्वेदी एवं जिला पंचायत के डीपीएम श्री विनीत गुप्ता भी उपस्थित थे। अतिथियों ने संस्था के निदेशकों श्वेता मोदी और मोहित मोदी के साथ मिलकर बच्चों को साइकिलें सौंपी। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जिला पंचायत के सीईओ श्री सोजान सिंह रावत ने आईएससीआई फाउंडेशन द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा यह संस्था सामाजिक सेवा के क्षेत्र में प्रेरणादायी कार्य कर रही है। श्री रावत ने पेडल्स फॉर प्रोग्रेस के पीछे की रणनीति की विशेष रूप से प्रशंसा की, जिसमें बच्चों की आवागमन की समस्या को हल करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में भी काम किया गया है। संस्था की संस्थापिका श्वेता मोदी ने कहा कि यह आईएससीआई फाउंडेशन की कई चल रही टिकाऊ पहलों में से एक है और संस्था भविष्य में भी अधिक से अधिक लाभार्थियों की सेवा करना जारी रखेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन फाउंडेशन के पदाधिकारी कार्तिक और शिवम ने अमरदीप एवं अन्य स्वयंसेवकों के सहयोग से किया। अंत में, अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिंदे की छावनी के प्राचार्य श्री जितेन्द्र सहित सभी लाभार्थी विद्यालयों के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# एसजीएस ग्राउंड गंजबासौदा में सांसद खेल महोत्सव का विधानसभा स्तरीय भव्य समापन

**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का बासौदा विधानसभा स्तरीय भव्य समापन एसजीएस ग्राउंड, गंजबासौदा में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, बासौदा विधायक श्री हरि सिंह रघुवंशी, कुरवाई विधायक श्री हरि सिंह सप्रे, विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष, बासौदा समेत अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने विजेताओं को व्यक्तिगत रूप से मेडल और शील्ड प्रदाय की। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि सांसद खेल महोत्सव का फायनल समापन कार्यक्रम रायसेन में एक एवं दो फरवरी को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने खेलों को जीवन का अतिमहत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने ग्रामीणों क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना है।

समापन अवसर पर विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बालक एवं बालिका वर्ग में खेला गया। इसमें बासौदा नगर मंडल विजेता एवं बासौदा ग्रामीण मंडल उपविजेता रहा, जबकि ग्यारसपुर मंडल ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार विधानसभा स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल मैच में बासौदा नगर मंडल विजेता एवं त्योंदा मंडल उपविजेता रहा, जबकि सिरनौटा मंडल ने तृतीय स्थान हासिल किया।

जिला अधिकारी श्री प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि 17 नवंबर से 27 दिसंबर तक मंडल स्तरीय क्रिकेट एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इससे पूर्व 101 ग्राम पंचायत स्तर पर रस्साकसी, चेयर रेस एवं नींबू रेस जैसी खेल प्रतियोगिताएं भी सफलतापूर्वक संपन्न कराई गईं। इस प्रकार ग्रामीण स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया।

इन प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नूर जहां बानो मंसूरी की प्रमुख भूमिका रही। प्रतियोगिताओं का संचालन रेफरी स्वतंत्र जैन, राहुल विश्वकर्मा, चेतन माथुर, गजेंद्र डांगी, रूबी मंसूरी, रूपेश अहिरवार, मलखान बघेल, कपिल गौड, अभिषेक शर्मा सहित अन्य रेफरियों द्वारा किया गया। अंपायर के रूप में अनय शर्मा, अर्जुन बघेल, घनश्याम, राहुल यादव, मुदित पौराणिक एवं नमन रघुवंशी उपस्थित रहे।

# किसानों को मिल रही सोलर पम्प की सौगात

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य कुसुम 'बी' योजना के अंतर्गत झाबुआ जिले के किसानों को सिंचाई सुविधा सुलभ कराने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से जिले के किसानों को सोलर पम्प की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम के श्री मयंक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना अंतर्गत झाबुआ जिले के 101 किसानों का सोलर पम्प स्थापना हेतु चयन किया गया है। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार चयनित किसानों की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कस्टमर इन्फॉर्मेशन फाइल तैयार करने के लिए दिनांक 20, 21 एवं 22 जनवरी 2026 को थांदला, झाबुआ एवं पेटलावद में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविरों के दौरान किसानों के एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के आवेदन पत्र भी भरे गए। चयनित 101 किसानों में से 99 किसानों की CIF प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। शिविरों के सफल संचालन हेतु कृषि विभाग के उपसंचालक श्री नगीन सिंह रावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।

किसान कल्याण एवं कृषि विभाग तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, झाबुआ शाखा के संयुक्त प्रयासों से तीनों स्थानों पर शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कलेक्टर नेहा मीना ने चयनित किसानों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना- भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पी.एम. कुसुम योजना का घटक-ब प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के नाम से संचालित है, जिसके अंतर्गत झाबुआ जिले के किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा और भी आसान हो रही है। जिले में ऑफग्रिड सोलर पंपों की स्थापना का कार्य तेजी से प्रगति पर है, जिससे किसानों की बिजली पर निर्भरता कम होगी तथा खेती की लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी।

किसान-अनुकूल वित्तीय व्यवस्था- इस योजना के अंतर्गत सोलर पंप स्थापना के लिए अत्यंत सरल एवं लाभकारी वित्तीय ढांचा तय किया गया है- किसान अंशदानः केवल 10त्न केंद्र सरकार का अनुदानः 30त्न बैंक ऋणः शेष 60% (ऋण की गारंटी मध्यप्रदेश शासन द्वारा दी जा रही है।) ऋण प्रक्रिया को आसान बनाने हेतु सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को नोडल बैंक नियुक्त किया गया है।

योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया- योजना का लाभ प्राप्त करने एवं वेंडर द्वारा कार्य प्रारंभ करने के लिए ऋण स्वीकृति अनिवार्य है। इसके लिए-कुसुम-क्क राज्य पोर्टल से AIF में ऑनलाइन आवेदन नोडल बैंक में किसान का खाता एवं CIF की उपलब्धता डिजिटल लेंडिंग के माध्यम से बैंक द्वारा ऋण की अंतिम स्वीकृति, कुसुम-बी राज्य पोर्टल से ?फ़ (एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड) में ऑनलाइन आवेदन, नोडल बैंक में किसान का खाता एवं CIF की उपलब्धता डिजिटल लेंडिंग के माध्यम से बैंक द्वारा ऋण की अंतिम स्वीकृति।

जिले में अब तक की प्रगति- 31 दिसंबर 2025 तक झाबुआ जिले में 101 आवेदनों के वर्क ऑर्डर जारी किए जा चुके हैं। इस योजना से किसानों को दिन के समय निर्बाध सिंचाई, कम लागत में खेती तथा पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता का लाभमिल रहा है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# उज्जैन के तराना में फिर भड़का विवाद, पथराव कर बस में आग लगाई






**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन के तराना में हुआ सांप्रदायिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात तनावपूर्ण हालात के बाद शुक्रवार दोपहर एक बार फिर स्थिति बिगड़ गई। बस स्टैंड इलाके में पथराव हो गया और एक बस आग के हवाले कर दी गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने उपद्रवियों पर बीएनएस की धारा 163 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अभी तक 15 से 20 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। शुक्रवार दोपहर में मचाए गए उपद्रव के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुके हैं। फुटेज के माध्यम से भी उत्पात करने वालों की तलाश की जा रही है।

## बस स्टैंड क्षेत्र मे मचा बवाल बस में आग लगाई

शुक्रवार दोपहर को जब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी यह समझ रहे थे कि पूरा मामला शांत हो गया है तभी तकिया मोहल्ला क्षेत्र बस स्टैंड में 50 से 60 लोगों की भीड़ पहुंची और पथराव शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भीड़ में शामिल लोग धर्म विशेष के थे। पथराव के बाद दूसरे पक्ष के लोग भी सड़क पर उतर आए। दोनों समुदाय के लोगों के आमने-सामने आने के बाद पुलिस ने उन्हें रोका लेकिन इसी बीच किसी व्यक्ति ने यहां खड़ी एक बस में आग लगा दी। इसके बाद इलाके के हालात बिगड़ गए।

## क्यों हुआ तराना में विवाद ?

गुरूवार को तराना की शुक्ला गली में रहने वाला सोहिल पिता सोनू ठाकुर उम्र 26 साल अपने घर से करीब 200 मीटर दूर राम मंदिर संघ कार्यालय के नजदीक बैठा था। शाम करीब 7.30 बजे ईशान मिर्जा और उसके साथ आठ से दस लोग लोहे की रॉड, लाठी और चाकू लेकर सोहिल के पास पहुंचे और उसे धमकाने लगे। इन लोगों का कहना था कि तुम (सोहिल) हमारे काम में बहुत टांग अड़ाते हो, हमारे रास्ते में मत आया करो। आरोपियों के साथ सोहिल की कहासुनी हुई, इसी बीच आरोपियों ने सोहिल के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सोहिल को बचाने उसका चचेरा भाई आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। सोहिल को तत्काल ही तराना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे उज्जैन रैफर कर दिया गया। इस घटना के बाद सैकड़ों लोग अस्पताल के बाहर एकत्रित हो गए थे। यहीं भीड़ में से कुछ लोग बस स्टैंड की ओर आगे बढ़े व बसों पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। देखते ही देखते तराना में तनाव के हालात निर्मित हो गए। रात में ही पुलिस ने ईशान मिर्जा, शादाब उर्फ हेडली, सलमान, रिजवान और नावेद सहित छह लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया था। इसके बाद देर रात पुलिस क्षेत्र में गश्त करती रही।

## अब आगे क्या मांग?

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव भी किया। विरोध प्रदर्शन करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि एक फरार आरोपी को पुलिस जल्द से जल्द पकड़े। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। फिलहाल पूरे इलाके में पुलिस ने बीएनएस की धारा 163 लागू कर दी है। पुलिस ने सप्पन मिर्जा (मदारबड़ा), ईशान मिर्जा, शादाब उर्फ इडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा और नावेद के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया है। इनमें से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता चाहते हैं कि जो एक आरोपी अभी फरार है उसे जल्द से जल्द पकड़ा जाए। साथ ही जिन पांच आरोपियों को अब तक पकड़ा जा चुका है उनके मकान तोड़े जाएं और उनका सामूहिक जुलूस भी निकाला जाए। प्रशासन और पुलिस अधिकारी हिंदूवादी संगठनों को समझाने में लगे हुए हैं, लेकिन वे कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। कार्यकर्ता थाने के सामने धरने पर बैठ गए थे और हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। आरोप है कि नमाज खत्म होने के बाद कुछ लोग यहां पहुंचे तो विवाद गहरा गया।

## अचानक हुआ पथराव

तराना के बस स्टैंड इलाके में रहने वालों का कहना है कि पथराव करने वाली भीड़ अचानक इलाके में आई और पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। भीड़ में 25 से 30 लोग थे।

## एसपी भी पहुंचे तराना

तराना मामले में एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। अभी तक 15 से 20 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। साथ ही गुरूवार की घटना के मामले में पांच आरोपियों को भी पकड़ा जा चुका है। पूरे क्षेत्र में मोबाइल पेट्रोलिंग के साथ ही ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है। हर चौराहे पर पुलिस बल बलवा सामग्री के साथ मौजूद है। लोगों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें।अगर आपको कोई सूचना मिलती भी है तो पहले चौराहे पर तैनात पुलिस को उसके बारे में बताएं। एसपी शर्मा ने बताया कि दोपहर में मचाए गए उपद्रव के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुके हैं। हम फुटेज के माध्यम से भी ऐसे लोगों को चिन्हित करने में लगे हुए हैं जिनके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

## पांच थाना प्रभारी, 100 से भी ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात

गुरुवार शाम के वक्त जब तराना में भीड़ उग्र हुई, तब तराना थाने में बमुश्किल 10 पुलिसकर्मी मौजूद थे। बवाल की सूचना के बाद कायथा और माकड़ौन से पुलिसकर्मी तराना पहुंचे।

इसके कुछ देर बाद घट्टिया, महिदपुर और चिमनगंज मंडी से थाना प्रभारी अपने थानों का बल लेकर पहुंचे। रात करीब 10 बजे एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर भी तराना पहुंच गए थे। इनके साथ ही पुलिस लाइन से बल तराना भेजा गया।

पांच थानों के प्रभारी और करीब 100 पुलिसकर्मी रात 11 बजे तक वहां पहुंच चुके थे। सुबह भी तराना के प्रमुख संवेदनशील इलाको में पुलिसकर्मी तैनात रहे।

## आईसीयू में भर्ती, हालत खतरे से बाहर

वहीं सोहिल ठाकुर को सिर पर गहरी चोट आई है। उसे उज्जैन जिला अस्पताल चरक भवन में भर्ती किया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। सोहिल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सिर में चोट की वजह से उसे आईसीयू वार्ड में रखा गया है।

## लव जिहाद-गोरक्षा के मामलों में एक्टिव रहा है सोहिल

सोहिल ठाकुर जिस पर हमला हुआ वह बजरंग दल का नगर मंत्री है। सोहिल ठाकुर तराना में लव जिहाद-गोरक्षा जैसे मामलों में हमेशा संगठन की ओर से अगुवाई करता रहा है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इसी वजह से भी वह कुछ असामाजिक तत्वों की निगाह में चढ़ा हुआ था।

## कड़ी सुरक्षा में हुई जुम्मे की नमाज

गुरुवार शाम को बिगड़े हालात के बाद शुक्रवार दोपहर को पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि में जुम्मे की नमाज अता कराई।

सभी नमाजियों को तत्काल घर रवाना कर दिया गया। तराना शहर काजी ने भी समाज जनों से शांति बनाए रखने और सद्भावना की अपील करते हुए कहा कि मामले में जिसकी भी गलती हो प्रशासन उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

यही नहीं बसों में हुई तोड़फोड़ के बाद बस मालिक यासीन शेख ने कहा कि उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है। उनकी कोई गलती नहीं थी, आपसी विवाद को सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा है।

## इनका कहना

गुरुवार शाम हुए विवाद में घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। शुक्रवार को बस और दुकान में लगाई गई आग पर तत्काल काबू पा लिया गया था। सुरक्षा और शांति को लेकर पुलिस बल तैनात है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

-गुरुप्रसाद पाराशर, एएसपी

## पशु चिकित्सक का कोर्स कर रहे युवक ने खाया जहर



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** घर से निकलने के बाद दूसरे गांव पहुंचे युवक ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर ममेरे भाई को फोन लगाया। युवक को अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। तराना के हनुमंत्या में रहने वाला चंद्रपाल पिता भगवानसिंह 25 वर्ष ने बीती शाम ग्राम करंज में जहर खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसने अपने मामा के पुत्र बलराम को कॉल कर जहर खाने की जानकारी दी। परिजन करंज पहुंचे और चंद्रपाल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां से उज्जैन लाया गया लेकिन चंद्रपाल की रात में मौत हो गई। शुक्रवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। बताया जा रहा है कि चंद्रपाल फायनल की पढ़ाई पूरी कर चुका था और पशु चिकित्सक का कोर्स कर रहा था। उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर मृतक के मोबाइल को जांच में लेगी।

## दरवाजा तोड़कर फंदे से उतारा ड्रायवर का शव

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ड्रायवरी करने वाले युवक का दो दिन से दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दरवाजा तोड़ने पर ड्रायवर का शव फंदे पर लटका मिला। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि पंचक्रोशी मार्ग उण्डासा स्थित विजयनगर में रहने वाला लक्ष्मीनारायण पिता मांगीलाल पंवार के मकान का दरवाजा दो दिन से नहीं खुलने पर आसपास के लोगों ने सूचना दी थी। बीती शाम पुलिस ने मौके पर पहुंच दरवाजा तोड़ा तो लक्ष्मीनारायण का शव फंदे पर लटका मिला। मौके पर भाई टीकम पहुंच गया था जिसने बताया कि लक्ष्मीनारायण की तीन बेटियां हैं। पत्नी बेटियों के साथ मायके दमोह गई हुई है। लक्ष्मीनारायण घर पर अकेला था। पुलिस के अनुसार घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है वहीं आत्महत्या की वजह भी स्पष्ट नहीं हो पाई है। संभावना है कि आर्थिक परेशानी या पारिवारिक विवाद के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

## मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी तथा पंचायती राज राज्यमंत्री श्री एस. पी. सिंह बघेल ने समीक्षा बैठक ली



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी तथा पंचायती राज राज्यमंत्री श्री एस. पी. सिंह बघेल के जिला उज्जैन प्रवास के दौरान दिनांक 23.01.2026 को मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी तथा पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक ली गई ।जिसमे कलेक्टर महोदय जिला उज्जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उज्जैन एवं संबंधित विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे। माननीय मंत्री जी द्वारा मत्स्य पालन विभाग को जिले में उपलब्ध अमृत सरोवर को मत्स्य पालन अंतर्गत लाए जाने का मार्गदर्शक दिया गया एवं जिले में हो रहे नवीन तकनीक से मत्स्य पालन के संबंध में एवं पगेशियस फिश के उत्पादन संबंधी जानकारी ली गई। मंत्री महोदय द्वारा जिले में हो रहे विकास कार्य के संबंध में प्रसन्नता व्यक्त की गई।

# कंठाल मार्ग का काम अटका, 9 महीने में सिर्फ 135 मीटर सड़क बनी

### ठेकेदार की सुस्ती से नाराज़ जनता, निगम ने अभी आगे का काम रोक रखा; अप्रैल तक काम पूरा नहीं हुआ तो फिर बारिश में लटकेगी सड़क

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल कोयला फाटक से कंठाल तक की सड़क निर्माण में ठेकेदार की सुस्ती नगर निगम के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। चौड़ीकरण की प्रक्रिया को 9 महीने से अधिक हो चुके हैं, लेकिन डेढ़ किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर अब तक सिर्फ 135 मीटर सड़क ही बन पाई है। ऐसे में लोगों में यह सवाल उठने लगा है कि कंठाल से गोपाल मंदिर तक का काम आखिर कब शुरू होगा?



उल्लेखनीय है कि नगर निगम ने दो प्रमुख सड़कों- कोयला फाटक से कंठाल तथा विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट से तेलीवाड़ा चौराहा का काम सबसे पहले शुरू किया था। दोनों जगहों पर चौड़ीकरण और अवरोध हटाने का अधिकांश काम पूरा हो चुका है। साइट भी पूरी तरह तैयार है, लेकिन सड़क निर्माण की रफ्तार बेहद धीमी है। कंठाल मार्ग पर अब तक कुल दूरी का सिर्फ 10 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। वहीं तेलीवाड़ा से क्लॉथ मार्केट मार्ग पर बेस कंक्रीट का काम हो चुका है, लेकिन अंतिम लेयर बनने में अभी समय लगेगा।

निगम ने आगे की सड़क का काम फिलहाल रोका- अधिकारियों ने निर्णय लिया है कि जब तक इन दोनों मार्गों का कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक आगे के हिस्सों पर सड़क का निर्माण शुरू नहीं किया जाएगा। हालांकि दो अन्य मार्गों पर सीवर लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। केवल कंठाल से खड़े हनुमान मार्ग पर सीवर लाइन डालने का काम शेष है।

अप्रैल तक काम ज़रूरी, वरना बारिश में फिर अटकेगा प्रोजेक्ट- अधिकारियों के अनुसार, किसी भी स्थिति में अप्रैल तक कंठाल वाली सड़क बनकर तैयार हो जानी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो जून के बाद सावन-बारिश का मौसम शुरू हो जाएगा और काम फिर कई महीनों के लिए टल सकता है।

जनता और व्यापारियों का कहना है कि अधिकारी व जनप्रतिनिधि खुद मौके पर जाकर सतत् मॉनिटरिंग करें ताकि काम तेजी से पूरा हो सके।

## एक नजर सड़क निर्माण की वर्तमान स्थिति पर

कुल दूरी- 1.5 किलोमीटर

अब तक बना- 135 मीटर (10%)


साइट क्लियर- दोनों मार्गों पर

सीवर लाइन- दो मार्गों पर पूर्ण, कंठाल- खड़े हनुमान पर शेष

अनुमानित समय- 2 से 3 महीने और

लक्ष्य- अप्रैल तक सड़क तैयार

## साइबर फ्रॉड में शामिल 213 मोबाइल नम्बर कराये बंद



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ऑनलाइन होने वाले फ्रॉड को लेकर पुलिस आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लगातार प्रयास कर रही है। इसी प्रयास में पुलिस ने 213 मोबाइल नम्बरों को बंद कराने की प्रक्रिया को पूरा किया है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा धोखाधड़ी के लिये फर्जी मोबाइल नम्बरों का उपयोग किया जाता है। साइबर ठगी की शिकायत लगातार सामने आने पर ठगी में उपयोग होने वाले मोबाइल नम्बरों को साइबर पुलिस टीम की मदद से लगातार चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। इस दौरान 213 नम्बर ऐसे सामने आये जिनके माध्यम से फर्जी लोन, ब्लैकमेलिंग के साथ कई तरह की साइबर ठगी को अंजाम देने में उपयोग किया जा रहा था। सभी 213 मोबाइल को संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से समन्वय स्थापित कर बंद कराये गये है। एसपी शर्मा के अनुसार उज्जैन पुलिस की नीति साइबर अपराधों के प्रति पूर्णतः शून्य सहनशीलता की है। नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े किसी भी विषय पर पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। वह आम लोगों से अपील है कि किसी भी प्रकार के फर्जी कॉल, लोन प्रस्ताव, ब्लैमेलिंग, पुलिस अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का भय जैसे कॉल आये तो उसकी शिकायत राष्टीय साइबर हेल्प लाइन 1930 पर या फिर नजदीकी पुलिस थाने पर दर्ज कराये।

# ट्रैक के किनारे सुरक्षा की मजबूत दीवारः तेज गति से दौड़ेंगी ट्रेनें, रुकेगी पशुओं की आवाजाही

### रतलाम मंडल में तेजी से हो रहा फेंसिंग का काम; 501 किमी क्षेत्र को मिलेगा सेफ्टी कवच

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए रेलवे लगातार आधारभूत संरचना को मजबूत कर रहा है। इसी प्रयास के तहत पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने ट्रैक साइड फेंसिंग (बाउंड्री वॉल/सेफ्टी फेंसिंग) के काम में उल्लेखनीय गति लाई है।



मंडल के पीआरओ मुकेश कुमार के अनुसार, यह कार्य दो चरणों में चल रहा है और कई महत्वपूर्ण रेलखंडों पर तेजी से प्रगति भी दर्ज की जा चुकी है।

रतलाम मंडल का नागदा-गोधरा रेलखंड, मुंबई- दिल्ली सेमी हाईस्पीड कॉरिडोर का अहम हिस्सा है। मिशन रफ्तार के तहत इस खंड को 160 किमी प्रतिघंटा की गति के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

ट्रैक पर जानवरों के आने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से चिह्नित 98 किलोमीटर क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इससे न केवल ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही में सुधार हुआ है बल्कि पशुपालकों का जोखिम भी कम हुआ है। इसके साथ ही रतलाम मंडल के अन्य प्रमुख खंड-

चंदेरिया- मंदसौर, मंदसौर-रतलाम, मंदसौर-इंदौर, इंदौर- डॉ. अंबेडकर नगर- खंडवा, नागदा-भोपाल, उज्जैन- देवास- इंदौर में भी सेफ्टी फेंसिंग/बाउंड्रीवॉल निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इन सभी रेलखंडों को मिलाकर करीब 501 किलोमीटर क्षेत्र में दीवार निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

पिछले वर्ष 127 किमी क्षेत्र में कार्य पूरा हुआ था, जबकि वर्ष 2025- 26 में अब तक 80 किमी में बाउंड्रीवॉल खड़ी की जा चुकी है।

वंदे भारत की रफ्तार को मिलेगी सुरक्षा- इंदौर- देवास- उज्जैन- भोपाल रेल मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन होता है। इस हाईस्पीड खंड पर जानवरों की ट्रैक पर आवाजाही एक बड़ा खतरा बनी रहती है। इसीलिए यहां बाउंड्रीवॉल निर्माण को शीर्ष प्राथमिकता दी गई है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, फेंसिंग कार्य पूरा होने के बाद ट्रैक पर पालतू एवं जंगली पशुओं की आवाजाही पूरी तरह रुकेगी, ट्रेनें बिना बाधा अपनी अधिकतम गति से चल सकेंगी और किसानों के पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। साथ ही ट्रेन संचालन संरक्षित होगा और समयपालन में सुधार आएगा व यात्रियों को समय पर स्टेशन पहुंचने की सुविधा बढ़ेगी।

## बाउंड्रीवॉल के यह होंगे बड़े फायदे

ट्रेन दुर्घटनाओं में भारी कमी

हाईस्पीड ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही

किसानों के पशुओं का संरक्षण

ट्रैक के पास रहने वाले गांवों में सुरक्षा का भरोसा

रेलवे को रखरखाव में आसानी

## महाकाल के आंगन में छाया वसंत, पीत वर्ण से महका पूरा मंदिर परिसर



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बसंत पंचमी के साथ ही वसंत ऋतु का आगमन हो गया और महाकाल की नगरी पीत वर्ण की आभा में डूब उठी। शुक्रवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती के समय भगवान महाकाल को पीले वस्त्र पहनाए गए। पूरा मंडप सरसों की महक और कस्तूरी-केसर की सुगंध से भर उठा। बसंत पंचमी पर महाकालेश्वर मंदिर में तड़के चार बजे कपाट खुलते ही जलाभिषेक से पूजा की शुरुआत हुई। इसके बाद दूध, दही, घी, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर विशेष रूप से केसर युक्त पंचामृत का प्रयोग किया गया। पीले रंग के पकवानों और मिष्ठान का भोग लगाकर भक्तों ने वसंत के उल्लास का स्वागत किया। मंदिर प्रशासन के अनुसार होली तक प्रतिदिन भस्मारती में भगवान महाकाल पर केसरिया गुलाल अर्पित किया जाएगा, ताकि श्रद्धालु पूरे वसंत काल में महाकाल के वासंती श्रृंगार के दर्शन कर सकें।

स्याही माता मंदिर में विशेष पूजा, स्याही अर्पण की अनूठी परंपरा - सिंहपुरी स्थित प्राचीन स्याही माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। यहां बसंत पंचमी पर देवी सरस्वती को स्याही और सरसों के पीले पुष्प अर्पित करने की अनोखी परंपरा निभाई गई। मान्यता है कि स्याही अर्पण करने से छात्रों को शिक्षा, स्मरण शक्ति और बुद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

शहर के कई स्कूलों के विद्यार्थी और अभिभावक सुबह से यहां मत्था टेकने पहुंचे।

सांदीपनि आश्रम में विद्यारंभ संस्कार कराया - भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली सांदीपनि आश्रम में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसी के साथ विद्यारंभ संस्कार का शुभारंभ हुआ।

पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चों का 'पाटी पूजन' कराया गया। छोटे बच्चों द्वारा पहली बार अक्षर लिखने का शुभारंभ देख अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। आश्रम परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों का तांता लगा रहा।

## एसटीएफ ने स्मैक तस्करों को भेजा जेल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एसटीएफ टीम द्वारा 19 जनवरी को आगररोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास लवखेड़ी हनुमान मंदिर के पास से क्रेटा कार क्रमांक एमपी 13 झेड टी 2343 में मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त करते अभिषेक सोनकर, अजय प्रजापति निवासी जबलपुर और जयदीप परिहार निवासी आलोट रतलाम को गिरफ्तार कर 410 ग्राम स्मैक 41 लाख की बरामद की थी। तीनों को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया था। गुरूवार को रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। एसटीएफ उपपुलिस अधीक्षक योगेन्द्र यादव ने बताया कि तीनों से महत्वपूर्ण सुराग मिले है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई जारी रखी जायेगी।

# तरणताल के पास फूड कोर्ट निर्माण फिर ठप; दो साल में तीसरी बार अटका प्रोजेक्ट

### 89 लाख की स्वीकृत योजना का आधा काम भी पूरा नहीं; 2025 में होना था लोकार्पण, अब केवल ढांचा खड़ा—गतिविधि शून्य

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहरवासियों को आधुनिक और सुव्यवस्थित फूड हब उपलब्ध करवाने की बहुप्रतीक्षित योजना एक बार फिर अधर में लटक गई है। देवास रोड स्थित तरणताल के समीप नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे 20 दुकानों वाले फूड कोर्ट का निर्माण काम तीसरी बार रोक दिया गया है। वर्ष 2024 की शुरुआत में पुराने ढांचे को जमींदोज कर नई उम्मीदों के साथ शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट 2026 में आकर पुनः ठहर गया है। निर्माण स्थल पर इस समय न मशीनें चल रहीं, न मजदूरों की आवाजाही। केवल पिलरों और दुकानों का कच्चा स्ट्रक्चर खड़ा नजर आता है।



नगर निगम ने वर्ष 2023 में इस फूड कोर्ट के लिए 89 लाख रुपए की योजना स्वीकृत कर अगस्त 2025 तक लोकार्पण का लक्ष्य रखा था। लेकिन हकीकत यह है कि दो साल में 50 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं हो पाया है। लगातार रुकावटों ने परियोजना की उपयोगिता, समयसीमा और लागत पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

पहली बाधाः 2024 में फाइलों में उलझा प्रोजेक्ट- काम शुरू होते ही सबसे पहली अड़चन वर्ष 2024 में आई, जब ठेकेदार तय होने के बावजूद निर्णय लेने में महीनों की देरी हुई। फाइलों के चक्कर में निर्माण की शुरुआत ही अटक गई।

दूसरी बाधा : भुगतान रोकने से ठप हुआ काम- वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में ठेकेदार के बिलों का भुगतान रुकने और पार्किंग विवाद के चलते काम दोबारा रुक गया। एक माह बाद स्थिति सामान्य हुई तो निर्माण फिर शुरू हुआ, पर गति कभी नहीं पकड़ पाया।

फिर रुका काम, अधूरी तस्वीर पेश करता प्रोजेक्ट- अब 2026 में तीसरी बार निर्माण बंद होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। न ठेकेदार साइट पर सक्रिय है और न निगम की कोई सतर्कता दिख रही है। परिणामस्वरूप फूड कोर्ट, तरणताल संयुक्त लोकार्पण की योजना भी पटरी से उतर गई है।

लोकार्पण का वादा भी रह गया अधूरा- महापौर मुकेश टटवाल ने सात माह पूर्व निरीक्षण के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल और फूड कोर्ट को अगस्त 2025 में लोकार्पित करने की घोषणा की थी। लेकिन दोनों ही परियोजनाएँ तय समय से काफी पीछे चल रही हैं। अब शहर की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि निगम इस अटके प्रोजेक्ट को कब गति देता है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या नहीं। फिलहाल यह परियोजना अधूरे निर्माण पूर्ण होने की राह देख रही है।

तीन बार अटका फूड कोर्ट, कब-कब रुका काम...

2024 - ठेकेदार तय होने के बावजूद फाइलों में उलझा मामला, महीनों देरी

2025 (दूसरी तिमाही) - बिल भुगतान और पार्किंग समाधान में अड़चन

2026 - फिर रुका काम, साइट पर कोई गतिविधि नहीं